रविवार, 23 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 20 |
| आर्द्रता | 68% |
| सूर्योदय: 6:03 | सूर्यास्त: 17:37 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



डकेट के शतक पर भारी पड़ी इंगलिस की पारी,आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : परवाह वह संजीवनी बूटी है जो रिश्तों को मरने नहीं देती।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 फरवरी, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष दशमी, 13:51 तक, नक्षत्र : मूल, 18:30 तक, योग : वज्र, 11:10 तक, सूर्योदय: 6:03, सूर्यास्त: 17:37, चन्द्रोदय : 02:11, चन्द्रास्त: 12:49, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 16:07 से 17:33

## साप्ताहिक : राशिफल
## 23-02-25 से 01-03-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य लिए हुए है। इस सप्ताह आपके भीतर भरा हुआ आलस्य और जीवन से जुड़ी तमाम तरह की अड़चनें दूर होती हुई नजर आएंगी। सोचे हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण होता हुआ देख आपके भीतर सकारात्मक विचारों और उत्साह में वृद्धि होगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपकी रुचि धार्मिक-आध्यात्मिक कार्यों में बढ़ेगी। इस दौरान तीर्थाटन का अचानक से कार्यक्रम बन सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति संभव है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपनी सेहत और संबंध दोनों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। ऐसे में अपने खान-पान, रहन-सहन और जीवनशैली सही रखें। मौसमी बीमारी के प्रति सतर्क रहें अन्यथा आपको शारीरिक एवं मानसिक कष्ट झेलने पड़ सकते हैं। सप्ताह की शुरुआत में आपको अचानक लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा पर निकलना पड़ सकता है। यात्रा आपाधापी भरी और उम्मीद से कम फलदायक रहने के कारण आपके भीतर निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में आपके सिर पर अचानक से कुछेक बड़े खर्च आ सकते हैं, जिसके कारण आपकी वित्तीय स्थिति गड़बड़ा सकती है। यह सप्ताह आपको अपने शरीर और धन दोनों का खूब ख्याल रखने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह के प्रारंभ में आप मौसमी आथवा किसी पुरानी बीमारी के उभरने के कारण शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। इस दौरान सेहत संबंधी दिक्कतों को असर आपके कामकाज के साथ आपके दैनिक जीवन पर भी पड़ सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों को इस सप्ताह सोचे हुए कार्यों में मनचाही सफलता पाने के लिए भाग्य भरोसे बैठने की बजाय कर्म की साख को हिलाना होगा। इस सप्ताह आप जितना परिश्रम और प्रयास करेंगे आपको उतना ही फल प्राप्त होगा। यदि आप किसी परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हैं तो मनचाही सफलता को पाने के लिए आलस्य छोड़कर कठिन परिश्रम करें। नौकरीपेशा लोगों को इस सप्ताह अपने कार्यों को समय पर करने तथा सहकर्मियों और अधीनस्थों के साथ संबंध मधुर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह जीवन के किसी भी क्षेत्र में अथक परिश्रम और प्रयास करने पर ही मनचाहे फल प्राप्त हो सकेंगे। ऐसे में भाग्य भरोसे बैठने की बजाय सही दिशा में पूरे मनोयोग से कार्य करने का प्रयास करें। इस सप्ताह आपको अपने करियर और कारोबार में विशेष सावधानी के साथ समय पर काम करने की आवश्यकता बनी रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में इस संबंध में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। यात्रा थकान भरी और उम्मीद से थोड़ा कम फलदायी साबित होगी, जिसके कारण मन में हताशा रह सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपनी सेहत और संबंध पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह के प्रारंभ में किसी पुराने रोग के उभरने से शारीरिक एवं मानसिक कष्ट मिलने की आशंका है। सेहत का प्रभाव आपके कामकाज पर भी देखने को मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को कामकाज संबंधी मुश्किलें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं से खूब सावधान रहें। यह सप्ताह करियर और कारोबार की दृष्टि से ज्यादा सकारात्मक नहीं कहा जा सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत से ही नौकरीपेशा व्यक्तियों पर कामकाज का अतिरिक्त बोझ बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके परिश्रम और प्रयास की सराहना न होने और सीनियर की उपेक्षा से आपको हताशा होगी, लेकिन भूलकर भी इस सप्ताह नकारात्मक विचार लाने से बचें और लोगों के साथ विनम्रता से पेश आएं, क्योंकि सप्ताह के उत्तरार्ध में एक बार फिर आपके जीवन की गाड़ी पटरी पर आती हुई नजर आ सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपको छोटे-छोटे कार्यों को भी पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करना पड़ सकता है। सप्ताह की शुरुआत में परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की सेहत अथवा उससे जुड़ी समस्या आपकी चिंता का बड़ा कारण बन सकती है। इस दौरान खर्च की अधिकता बनी रहेगी, जिससे आपका वित्तीय स्थिति थोड़ी डगमगा सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ और सौभाग्य को लिए हुए है। इस सप्ताह आप जितना अधिक परिश्रम और प्रयास करेंगे आपको उतनी अधिक सफलता और उपलब्धि हासिल होगी। सप्ताह की शुरुआत से आप अपने कार्य एवं जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ करते हुए नजर आएंगे। यह सप्ताह तकनीक से जुड़े प्रोफेशनल कार्य करने वालों के लिए अत्यंत ही शुभ रहने वाला है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह मिश्रित फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आप अपने कार्यों में अचानक से आने वाली अड़चनों को लेकर काफी परेशान रह सकते हैं। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाली दिक्कतों को दूर करने में स्वजनों और शुभचिंतकों की मदद समय पर न मिल पाना भी आपकी पीड़ा का कारण बनेगा। मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने कागजी कार्य समय से निबटाने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा उन्हें बेवजह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपको किसी भी कार्य को जल्दबाजी में करने से बचना चाहिए। कुंभ राशि के जातकों को असमंजस की स्थिति तो भूलकर भी कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए अन्यथा बाद में पछतावा करना पड़ सकता है। यदि आप नौकरीपेशा हैं तो अपने कार्य को किसी दूसरे व्यक्ति के भरोसे छोड़ने अथवा उसमें लापरवाही करने की भूल नहीं करनी चाहिए अन्यथा उसके बिगड़ने पर उच्च अधिकारियों के गुस्से का शिकार होना पड़ सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा कम अनुकूल प्रतीत हो रहा है। सेहत और संबंध को बेहतर बनाए रखने के लिए आपको इस सप्ताह विशेष प्रयास करने होंगे अन्यथा आपको शारीरिक एवं मानसिक कष्ट मिलने की आशंका बनी रहेगी। यदि आप नौकरीपेशा जातक हैं और आप अपनी नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो भूलकर भी क्रोध अथवा भावनाओं में बहकर ऐसा निर्णय न लें। वीर भोग्य वसुंधरा - इस महामंत्र को आपको पूरे सप्ताह हमेशा याद रखना होगा और परिस्थितियों के चलते पलायन करने की बजाय उनसे मुकाबला करना उचित रहेगा।

# महाकुंभ जा रहे बंगाल के छह श्रद्धालुओं की धनबाद में सड़क हादसे में मौत, पांच घायल

❑ **मुख्यमंत्री ममता ने जताया शोक, हर सहायता को तैयार बंगाल सरकार**



**धनबाद/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की वाहन धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। यह हादसा धनबाद के जीटी रोड पर राजगंज के दलुडीह के पास हुआ। इनमें चार मृतक पश्चिम मेदिनीपुर के गड़बेता के नलेपा गांव और बाकी दो हुगली के निवासी थे। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को महाकुंभ जाने के लिए सभी लोग स्कॉर्पियो से घर से निकले थे। इसी बीच, देर रात करीब 1.30 बजे एनएच 19 पर राजगंज थाना क्षेत्र के दलुडीह के पास स्कॉर्पियो खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर से स्कॉर्पियो चकनाचूर हो गई। वहीं, पीछे से आ रही एक कार ने भी स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें एक स्कॉर्पियो का चालक भी था। वहीं, मरने वाले अन्य तीन लोग सभी एक ही परिवार के थे।

मृतकों के नाम शेख राजन, पियाली साहा, श्यामली साहा और प्रणव साहा है। श्यामली साहा और प्रणव साहा दोनों पति पत्नी हैं। शेख राजन चालक था। घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया है। नीता साहा (35), सायन साहा (8) और राहुल कुमार (38) का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं, अनिशा साहा (5), अंगमुनि साहा (6), पग्लू साहा (15) और विश्वरूप साहा (18) को गंभीर हालत को देखते हुए शहर के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान अनिशा साहा (5) और अंगमुनि साहा (6) की भी मौत हो गई। दूसरी तरफ, ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महाकुंभ के लिए जाने के दौरान झारखंड में सड़क दुर्घटना में मारे गए हमारे राज्य के छह लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा कि मैंने प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे पीड़ित परिवारों को शव वापस लाने में मदद करें तथा जीवित बचे लोगों को चिकित्सा एवं अन्य सहायता प्रदान करें।

### डायमंड हार्बर में आईटीआई कॉलेज के छात्र का शव मेस से लटका मिला

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 16 में आईटीआई कॉलेज के छात्र का शव मेस से लटका हुआ बरामद किया गया। मृतक की पहचान कुमार नयनगिरि के रूप में की गई है। वह डायमंड हार्बर सरकारी आईटीआई कॉलेज का द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह पाथरप्रतिमा इलाके का निवासी था और डायमंड हार्बर में किराए के मकान में रहता था। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह कुमार नयनगिरी का शव अन्य साथियों ने मेस रूम में लटका हुआ पाया। बाद में, डायमंड हार्बर पुलिस स्टेशन को सूचित किया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मृतक छात्र के परिवार को दे दी गई है। हालांकि, पुलिस ने छात्र के आत्महत्या करने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, कोलकाता में फर्जी सेना अफसर गिरफ्तार

### आरोपी पार्क स्ट्रीट के इलियट लेन स्थित घर में खोल रखा था सेना प्रशिक्षण केंद्र




**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर से पुलिस ने सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी सेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम शेख नजीर हुसैन बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, नजीर कभी खुद को सेना का उच्च पदस्थ अधिकारी तो कभी गोरखा राइफल्स का सिपाही बताया करता था। यही नहीं, कोलकाता में सेना प्रशिक्षण का एक केंद्र भी खोल रखा था। शुक्रवार को कोलकाता पुलिस ने जालसाज फर्जी आर्मी अफसर को पार्क स्ट्रीट के इलियट लेन से गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस की गुंडागर्दी निरोधक इकाई ने गुप्त सूचना मिलने के बाद आरोपित के घर पर छापा मारा। वहां से नजीर को गिरफ्तार कर लिया। उसे शनिवार बैंकशाल अदालत में पेश किया गया। बताया गया है कि पुलिस ने नजीर के घर से तीन स्टार लगी खाकी वर्दी और फर्जी पहचान पत्र बरामद किया है। उस कार्ड पर चमकीले अक्षरों में कैप्टन नजीर हुसैन लिखा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नजीर यह नकली वर्दी और पहचान पत्र दिखाकर लोगों को अपना परिचय देता था। इसके अलावा, उसके पास से गोरखा राइफल का प्रतीक चिन्ह वाला चमड़े का बेल्ट, सेना के जूते और अन्य सामान बरामद हुआ हा। वह अपने प्रशिक्षण केंद्र में एनसीसी से विभिन्न युवाओं को बुलाकर उसे प्रशिक्षण देने का स्वांग रचा था। उस पर आरोप है कि शुरुआत में एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण के लिए लाया था। इसके बाद, उसने सेना में नौकरी दिलाने का वादा कर उनसे पैसे ऐंठता था।

### 'बांग्लार बाड़ी' योजना में नई राहत, पहली किस्त से ही पूरा घर बनाना होगा संभव



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की बांग्लार बाड़ी योजना के लाभार्थियों के लिए एक और खुशखबरी आई है। अब से, पहले किस्त की राशि से ही उपभोक्ता अपना पूरा घर बना सकते हैं। पहले की तरह कोई भी बाधा नहीं होगी और वे अपने पूरे घर को बिना किसी परेशानी के बना सकेंगे। इसके अलावा, अब से दूसरी किस्त की राशि भी समय पर दी जाएगी और इसका प्रमाण देने के लिए एक फोटो भेजी जाएगी। पंचायत विभाग की ओर से यह निर्देश सभी जिलों में लागू किया गया है। बांग्लार बाड़ी योजना के तहत पहली किस्त के 60 हजार रुपये की भुगतान प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। पहले चरण में लिंटन तक काम करने का निर्देश पंचायत विभाग द्वारा दिया गया था। अगर कोई लाभार्थी अपना पूरा घर बनाना चाहता है तो अब इसे करने में कोई समस्या नहीं होगी। दूसरी किस्त का भुगतान होने पर लाभार्थियों को वह राशि मिल जाएगी। राज्य पंचायत विभाग द्वारा यह नया निर्देश जारी किया गया है, जिससे लाभार्थियों को पूरी सहायता मिलेगी।

### एनआरएस मेडिकल कॉलेज ने बाहरी लोगों के प्रवेश रोकने के लिए क्यूआर कोड आईडी कार्ड शुरू




**कोलकाता, समाज्ञा :** एनआरएस मेडिकल कॉलेज ने बाहरी लोगों के अस्पताल परिसर में प्रवेश को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब डॉक्टरों के छात्रों के लिए क्यूआर कोड वाला आईडी कार्ड जारी किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज अधिकारियों का मानना है कि इस कदम से बाहरी लोगों के दखलअंदाजी को रोका जा सकेगा। एनआरएस मेडिकल कॉलेज ने ऑनलाइन माध्यम से इस क्यूआर कोड वाले पहचान पत्र को प्राप्त करने के लिए छात्रों के लिए एक नोटिस भी जारी किया है। यह आईडी कार्ड अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, पोस्ट-डॉक्टोरल और पैरामेडिकल सहित सभी विभागों के छात्रों के लिए अनिवार्य किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस नए कदम से अस्पताल परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रभावी नियंत्रण लागू किया जाएगा। क्यूआर कोड को आंखों के लिंक से जोड़ा जाएगा, जिससे एक व्यक्ति का कार्ड लेकर दूसरा व्यक्ति अस्पताल में प्रवेश नहीं कर पाएगा। इस कदम को वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने सराहा है और साथ ही उन्होंने राज्य के अन्य अस्पतालों में भी इस तरह के कदम उठाने की मांग की है।

# फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर अपनी ही नौकरानी से 8 लाख की ठगी, न्यूटाउन में युवक गिरफ्तार

### आरोपी के पास से 'भारत सरकार' का लोगो लगी एक कार और कई फर्जी दस्तावेज किए गए जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी अधिकारी बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने वाले एक शातिर ठग को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी की पहचान सौरभ कुमार के रूप में हुई है, जो अपने चार पहिया वाहन पर 'भारत सरकार' लिखवाकर लोगों को गुमराह कर रहा था। न्यूटाउन जतरागाछी निवासी दीपाली मंडल, जो 2022 से सौरभ कुमार के फ्लैट में नौकरानी के तौर पर काम कर रही थी, इस जालसाजी की पहली शिकार बनी। आरोप है कि सौरभ कुमार ने दीपाली के दिव्यांग पति तरणी मंडल को बैंक में नौकरी दिलाने का झांसा देकर धीरे-धीरे 8 लाख रुपये ठग लिए। जब लंबा समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं मिली, तो पीड़िता ने पैसे वापस मांगे। शिकायत के अनुसार, जब दीपाली मंडल ने अपने पैसे वापस मांगे, तो सौरभ कुमार ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसकी पिटाई भी की। इस घटना से डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर न्यूटाउन पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर न्यू टाउन पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए सौरभ कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से एक 'भारत सरकार' लिखी हुई कार, कई फर्जी दस्तावेज और भूमि संबंधी कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकी और मारपीट जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। उसे बारासात अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की जांच के लिए पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है।

# फर्जी पुलिस बनकर यात्री से चांदी लूटी, चार आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस की वर्दी पहनकर ठगी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन बदमाशों ने बस में सवार एक यात्री को धमकाकर उसके पास से 6.5 किलो चांदी लूट ली थी। सूत्रों के अनुसार, बड़ाबाजार से रूट 215 की बस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को चार बदमाशों ने खुद को पुलिस कर्मी बताकर रोका। उन्होंने चांदी को अवैध बताते हुए जबरन यात्री का बैग छीन लिया और बस से उतरकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही लेक टाउन थाना प्रभारी तापस रॉय ने टीम गठित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर जियाउरुल सरदार, उत्पल मजूमदार, चिरंजीव दास और शेख इम्तियाज आलम को धर दबोचा। पुलिस ने लूटी गई पूरी चांदी भी बरामद कर ली है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले भी इसी तरह की वारदातों में संलिप्त रह चुके हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन्होंने और कितने लोगों को इसी तरीके से ठगा है।

# पैसे के बदले पद बेचने का आरोप, बशीरहाट में बीजेपी नेता के खिलाफ लगे पोस्टर



**कोलकाता, समाज्ञा :** बशीरहाट में बीजेपी के जिला अध्यक्ष तापस घोष पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने अपने पद और सत्ता का दुरुपयोग किया है। आरोप है कि उन्होंने बादुड़िया में विश्वजीत पाल को नगर मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया और इसके बदले पैसे लिए। इस घटना के विरोध में तापस घोष के खिलाफ कई पोस्टर लगाए गए हैं और बीजेपी के कार्यालय में ताला भी लगा दिया गया है। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। 16 फरवरी को राज्य के विभिन्न ब्लॉकों में बीजेपी के नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी, जिसमें उत्तर 24 परगना जिले के बादुड़िया के विश्वजीत पाल को नगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति के बाद बीजेपी के अंदर विरोध शुरू हो गया। आरोप है कि बीजेपी जिला अध्यक्ष तापस घोष ने पैसे के बदले विश्वजीत पाल को यह पद सौंपा। इसके बाद पार्टी के अंदर असंतोष और नाराजगी सामने आई। विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं ने बीजेपी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और पोस्टर लगाए। इसके साथ ही कार्यालय के दरवाजे पर ताला भी लगा दिया। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए पार्टी में नेतृत्व को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है, और इस घटना ने इलाके में हलचल पैदा कर दी है।

## वर्ग पहेली नं. 3013

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | 26 |
| | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) छिपा माल प्राप्त होना, 4) जोड़ घटा गुणा भाग, 7) यशस्वी; सफल, 9) तल्लीन *(बोलचाल की भाषा)*, 11) मसालेदार; तीखा, 13) दलहन, 14) हासिल करना, 15) हर कोई, 16) इस बीच; दौरान, 17) उपरांत, 18) स्पष्ट; स्वच्छ, 19) कदाचित्, 20) बीच में, 21) आक्रमण, 23) वैभवपूर्ण, 24) थैलीशाह; धनाढ्य, 25) मूत्र; बारिश, 27) असफल, 28) अशिक्षित; असाक्षर.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) तिदरा; ओसारा; बारहदरी; *पैवीलियन*, 2) घर, 3) साँस, 4) वस्त्र; आकाश, 5) घनिष्ठ, 6) उपाय, 8) कुछ पाने के लिए प्रार्थना करना, 10) भ्रममूलक बात, 12) अपने रुचि के अनुकूल, 14) रसोईघर, 15) रत्नाकर, 17) सम्राट, 20) लगभग, 22) लुब्ध होना; स्वर्गवासी होना, 24) निकट भूतकाल, 25) अँगरेज स्त्री, 26) उफान; सैलाब; जलप्लाव; *फ्लड*.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | बे | रो | ज | गा | र | ■ | द | ■ |
| त | बा | ह | ■ | ■ | ली | ■ | स | म | झ |
| ■ | ग | त | ■ | म | ग | रू | र | ■ | क |
| दौ | ■ | र | वा | ■ | लौ | ■ | प | ■ | झ |
| रा | ह | ■ | ह | र्गि | ज़ | ■ | र | म | क |
| ■ | स्त | व | न | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ |
| ■ | क्षे | ■ | ■ | शा | गि | र्द | ■ | स | च |
| अ | प | रं | पा | र | ■ | ■ | आ | द | र |
| रे | ■ | ज | ■ | दा | ल | मो | ठ | ■ | स |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2973

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | | 4 | | | | |
| | | | | | | 5 | | 1 |
| | | | 3 | | | | | |
| | 6 | | | | | 4 | 8 | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | | | 7 | | | 6 | |
| 2 | | 1 | | | | | | |
| 5 | | | 2 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2972 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 4 |

**मौसम**

तापमान 31 – 20
आर्द्रता 68%
सूर्योदयः 6:03 सूर्यास्तः 17:37

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



डकेट के शतक पर भारी पड़ी इंगलिस की पारी,आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : परवाह वह संजीवनी बूटी है जो रिश्तों को मरने नहीं देती।

# भारत-पाकिस्तान के बीच ‘महाजंग’ आज

**दुबई :** भारत–पाकिस्तान का हाइप्रोफाइल मुकाबला चैम्पियंस ट्रॉफी का मैच आज है। यह मुकाबला दोपहर 2:30 पर शुरू होगा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए भारत के लिए एक आंकड़ा शानदार और दिल को सुकून देने वाला है। इस मैदान पर टीम इंडिया दो बार पाकिस्तान के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेली है। दोनों ही बार टीम इंडिया को विजय मिली है। अब भारत के पास इस मैदान पर पाकिस्तानी टीम के खिलाफ जीत



की हैट्रिक लगाने का मौका है। दोनों देश 19 सितंबर 2018 को एशिया कप में यहां पहली बार भिड़े। तब भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। तब पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 162 रन बनाए। ’प्लेयर ऑफ द मैच’ भुवनेश्वर कुमार ने 7 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट झटके। केदार जाधव (3 विकेट), जसप्रीत बुमराह (2 विकेट) ने भी गेंदबाजी में जलवा बिखेरा। रनचेज करते हुए कप्तान रोहित शर्मा (52) चमके। वहीं तब ओपनर रहे शिखर धवन (46) के बाद दिनेश कार्तिक (31* और अंबति रायडू (31*) ने भी शानदार इनिंग्स खेलीं। दुबई में ही 23 सितंबर 2018 को एक बार फिर दोनों देश ’सुपर–फोर’ में एक–दूसरे के आमने–सामने आए। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 237/7 का स्कोर बनाया। शोएब मलिक ने 78 रनों की पारी खेली। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा (111*) और शिखर धवन (114) के शतकों की बदौलत भारत ने 9 विकेट से यह मैच जीता। यानी दुबई में जब भी दोनों चिर प्रतिद्वंदी आपस में भिड़े हैं। भारत ने हमेशा जीत दर्ज की है। वहीं वनडे के ओवरऑल आंकड़ों में पाकिस्तान भारत से आगे है। दोनों देशों के बीच कुल 135 वनडे हुए हैं। 57 बार भारत और 73 बार पाकिस्तान जीताद है। 5 मैचों का रिजल्ट नहीं निकल पाया।

# पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री का दूसरा प्रधान सचिव बनाया गया

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूसरा प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पी के मिश्रा इस समय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा। आदेश में कहा गया, ’मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव – 2 के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति



पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी।’ यह पहली बार है कि दो व्यक्ति एक साथ प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में काम करेंगे। मिश्रा और दास दोनों ओडिशा से हैं। दास ने एक सिविल सेवक के रूप में मुख्य रूप से वित्त, कराधान, निवेश और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम किया। वह भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर बने और उन्होंने भारत के जी20 शेरपा तथा 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी काम किया है। वह केंद्र सरकार के राजस्व सचिव थे। वर्ष 2016 में आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने नोटबंदी की घोषणा की थी। दास ने कई अप्रत्यक्ष करों को एक जीएसटी में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उर्जित पटेल के इस्तीफा देने के बाद दास 2018 में आरबीआई के 25वें गवर्नर बने। शुरुआत में उन्हें तीन साल के लिए नियुक्त किया गया। उनके कार्यकाल को 2021 में तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया। उन्होंने दिसंबर 2024 में पद छोड़ा।

# अवैध प्रवासी अब भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को दावा किया कि अवैध प्रवासी देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं और इसके प्रति जागरूकता होनी चाहिए। अमेरिकी सरकार द्वारा हाल में अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के स्पष्ट संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को पूछना चाहिए कि हमारे देश में यह प्रक्रिया कब शुरू होगी। धनखड़ ने यहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत समारोह में कहा, ‘‘करोड़ों लोग जिन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वे यहां रह रहे हैं...वे यहां अपनी आजीविका कमा रहे हैं। वे हमारे संसाधनों को लेकर मांग कर रहे हैं। हमारी शिक्षा,



स्वास्थ्य क्षेत्र, आवास क्षेत्र को लेकर। अब बात और आगे बढ़ गई है। वे हमारी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं।’’ उन्होंने कहा, ‘‘हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम देश में एक ऐसा माहौल बनाएं....कि हर भारतीय इसके प्रति सचेत हो जाए।’’ अमेरिका का जिक्र किए बिना उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने हाल में उन भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर दिया जिन्हें ‘‘धोखे से वहां ले जाया गया था।’’ धनखड़ ने कहा, ‘‘हर भारतीय के मन में यह सवाल आना चाहिए कि हम ऐसा कब शुरू करेंगे?’’ उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं को एक शक्तिशाली समूह के रूप में काम करना चाहिए और जनप्रतिनिधियों और सरकार से पूछना चाहिए कि क्या वे अपना काम कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, ‘‘राष्ट्रवाद हमारा धर्म और सर्वोच्च प्राथमिकता है।’’ धनखड़ ने धर्मांतरण के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि कोई व्यक्ति किसी भी धर्म का पालन कर सकता है, लेकिन प्रलोभन के जरिये धर्मांतरण हो रहा है।

# असम में अब नहीं मिलेगा मुस्लिम विधायकों को नमाज ब्रेक

## 90 वर्षों से चली आ रही परंपरा खत्म

**असम :** असम की हिमंता सरकार ने विधानसभा में ‘नमाज के लिए ब्रेक’ की दशकों पुरानी परंपरा को खत्म कर दिया गया है। हालांकि ये फैसला पिछले साल अगस्त महीने में लिया गया था, लेकिन लागू इसे बज सत्र के दौरान किया गया है। असम सरकार के इस फैसले के बाद भारी विरोध भी देखने को मिल रहा है। एआईयूडीएफ के विधायक रफीकुल इस्लाम ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह संख्या बल के आधार पर थोपा गया निर्णय है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में करीब 30 मुस्लिम विधायक हैं। हमने इस कदम के खिलाफ अपने विचार व्यक्त किए थे, लेकिन उनके पास संख्या है और वे उसी के आधार पर इसे



थोप रहे हैं। अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने संविधान को देखते हुए प्रस्ताव दिया था कि असम विधानसभा को अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को भी अपनी कार्यवाही का संचालन किया जाना चाहिए, इस नियम को कमेटी के सामने रखा गया था। जिसे कमेटी ने सर्वसम्मति से पास कर दिया।

# बंगाल में जीबीएस से दूसरी मौत, आरजीकर मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र की हुई मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में गुलेन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के लक्षणों के कारण फिर एक मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, गत शुक्रवार की दोपहर आरजीकर मेडिकल कॉलेज के पूर्व पैरामेडिकल छात्र की अस्पताल में मौत हो गई। डॉक्टरों के एक वर्ग का दावा है कि इस न्यूरोलॉजिकल बीमारी के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हो चुकी है। मृतक की पहचान खैरुल शेख (22) के रूप में की गई है। वह मुर्शिदाबाद के सुति थाना इलाके का निवासी था। पता चला है कि वह आरजीकर मेडिकल कॉलेज के पैरामेडिकल विभाग का छात्र था। कोर्स पूरा करने के बाद खैरुल गांव लौट आया था। वह बिहार के पूर्णिया में एक निजी अस्पताल में काम भी कर रहा था। वहां वह बीमार पड़ गया। खैरुल को कुछ दिन पहले बुखार हुआ। इसके बाद, से शरीर का निचला हिस्सा लकवाग्रस्त होने लगा। हालांकि, उसने स्थानीय डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। गत 15 फरवरी को खैरुल को आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल लाया गया। प्रारंभ में, उसे मेल मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया। बाद में, जब उसकी हालत बिगड़ गई तो उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में स्थानांतरित कर दिया गया। वहीं, शुक्रवार की दोपहर करीब 2.30 बजे उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि युवक जीबीएस के लक्षणों से पीड़ित था। परिणामस्वरूप, खैरुल की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई।

# मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**पोर्ट लुइस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने इसकी घोषणा की। रामगुलाम ने इसे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों का प्रमाण बताया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने शुक्रवार को ‘नेशनल असेंबली’ को संबोधित करते हुए कहा, ‘‘यह हमारे देश के लिए वास्तव में एक विशेष सम्मान की बात है कि (प्रधानमंत्री मोदी के) इतने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद हमें ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा।’’ हर साल 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। इसे 12 मार्च, 1968 को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। रामगुलाम ने कहा, ‘‘मुझे हमारे देश की स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ के समारोह के संदर्भ में सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री महामहिम नरेन्द्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है।’’ उन्होंने भारतीय नेता के व्यस्त कार्यक्रम का जिक्र करने के लिए मोदी की हाल की पेरिस और अमेरिका यात्राओं का भी उल्लेख किया। रामगुलाम ने कहा, ‘‘प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है।’’

# यूएसएड विवाद: जयशंकर ने कहा– अमेरिका की ओर से दी गई सूचना ‘चिंताजनक’, सरकार कर रही जांच

**नयी दिल्ली :** देश में कुछ गतिविधियों के लिए यूएसएड की ओर से वित्तपोषण को लेकर उठे विवाद के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंत–ाजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है। उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल से बातचीत में यह बात कही। सान्याल ने उनसे ‘यूएसएड’ के मुद्दे के बारे में पूछा जो हाल में सुर्खियों में रहा है। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि ट्रंप प्रशासन के



लोगों द्वारा कुछ जानकारी सामने रखी गई है, और जाहिर है कि यह चिंत–ाजनक है। इससे पता चलता है कि ऐसी गतिविधियां हैं जिनका एक निश्चित उद्देश्य है किसी विमर्श या दृष्टिकोण को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा, एक सरकार के रूप में, हम इसकी जांच कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे संगठनों का दायित्व है कि वे जानकारी दें। और, मेरा मानना है कि तथ्य सामने आएंगे। विदेश मंत्री ने कहा, मैंने पढ़ा, फलां व्यक्ति ने यूएसएड के साथ काम किया...देखिए, यह सवाल नहीं है कि आपने यूएसएड के साथ काम किया या नहीं, यूएसएड को अनुमति दी गई थी...यह ऐतिहासिक रूप यहां काम करता रहा है। लेकिन, यूएसएड को सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने के लिए यहां अनुमति दी गई थी।

# तेलंगाना में सुरंग में फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी

- **प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना सुरंग हादसे के बाद बचाव उपायों को लेकर मुख्यमंत्री रेड्डी से बात की**

**हैदराबाद :** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन खंड के अंदर फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए शनिवार को बचाव अभियान तेज कर दिया गया और अधिकारियों ने सुरंग में प्रवेश करने वाले दलों का मार्गदर्शन करने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं।



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरंग में 13 किलोमीटर तक रास्ता साफ है, क्योंकि 14 किलोमीटर अंदर निर्माणाधीन खंड की छत का एक हिस्सा ढहा है। हालांकि, बचाव दल सुरंग की समग्र स्थिति को लेकर आशंकित हैं। सूत्रों ने ‘पीटीआई–भाषा’ को बताया, ‘‘घटनास्थल पर ढेर सारा मलबा जमा हो गया है, इसलिए बचाव दल आगे बढ़ने और किसी भी संभावित खतरे का पता लगाने के लिए ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं। बचाव अभियान रात में भी जारी रहेगा।’’




# एनईपी को लागू नहीं करूंगा भले ही तमिलनाडु को 10 हजार करोड़ रुपये देने की पेशकश की जाए: स्टालिन

**कुड्डालोर (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम। के। स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर केंद्र के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए शनिवार को कहा कि अगर केंद्र उनके राज्य को 10,000 करोड़ रुपये देने की पेशकश करे तो भी वह इसे लागू करने के लिए सहमत नहीं होंगे। उन्होंने दावा किया कि एनईपी का विरोध केवल हिंदी थोपने के प्रयास के कारण नहीं है, बल्कि कई अन्य कारकों के कारण भी है, जिनके छात्रों के भविष्य और सामाजिक न्याय प्रणाली के लिहाज से गंभीर परिणाम होंगे। स्टालिन ने यहां अभिभावक–शिक्षक संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ‘छात्रों को पढ़ाई छोड़ने की अनुमति देना उन्हें पढ़ाई न करने के लिए कहने के समान है।’’ स्टालिन ने दावा किया कि, ‘‘हम किसी भी भाषा के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसे थोपे जाने का विरोध करने के प्रति दृढ़ रहेंगे। हम केवल हिंदी थोपने के प्रयास के लिए एनईपी का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि कई अन्य कारणों से भी इसका विरोध कर रहे हैं। एनईपी प्रतिगामी है। यह छात्रों को स्कूलों से दूर कर देगी।’’

# चीनी विषाणु विज्ञानियों ने नए कोरोना वायरस का पता लगाया

- **मनुष्यों को भी कर सकता हैं संक्रमित**

**बीजिंग :** चीन के विषाणु विज्ञानियों की एक टीम ने चमगादड़ों में होने वाले एक नए कोरोना वायरस का पता लगाया है, जिसके मनुष्यों में भी फैलने का खतरा है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस अध्ययन का नेतृत्व विवादास्पद ‘वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी’ (डब्ल्यूआईवी) के चीनी विषाणु विज्ञानी शी झेंगली ने किया था। कहा जाता है कि डब्ल्यूआईवी से कथित तौर पर कोविड–19 फैला था। चमगादड़ों से उत्पन्न वायरस पर अपने शोध के लिए ‘बैट वूमन’ के नाम से मशहूर शी और चीनी सरकार भी इस बात से इनकार करती है कि वायरस वुहान प्रयोगशाला से फैलना शुरू हुआ था। नवीनतम वायरस ‘एचकेयू5’ कोरोना वायरस का नया रूप है, जो पहली बार हांगकांग में जापानी पिपिस्ट्रेल चमगादड़ में पहचाना गया था। हांगकांग में स्थित ‘साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट’ की खबर के अनुसार, यह नया वायरस ‘मेरबेकोवायरस’ उपस्वरूपों से निकला है, जिसमें मध्य पूर्व श्वसन सिंड्रोम (मर्स) का कारण बनने वाला वायरस भी शामिल है। खबर के अनुसार, मंगलवार को ‘सेल’ नामक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में शी की अध्यक्षता वाली विषाणु विज्ञानियों की टीम ने लिखा, हमें एचकेयू5–सीओवी की एक अलग वंशावली (वंश 2) की पहचान की है, जो न केवल चमगादड़ और मनुष्यों बल्कि समान मूल के एक ही अनुवांशिक गुणों वाले विभिन्न स्तनधारी पशुओं में भी फैल सकता है।



# चंपाहाटी के चार हजार 'भूतिया' वोटरों का रहस्य गहराया

**❑ भाजपा ने तृणमूल का तो सत्तारूढ़ पार्टी ने भाजपा का करार दिया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। दक्षिण 24 परगना के चंपाहाटी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित रूप से चार हजार फर्जी वोटरों यानी 'भूतिया' वोटरों के नाम शामिल होने का मामला सामने आया है। इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। तृणमूल ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है, जबकि भाजपा का दावा है कि सत्ताधारी दल खुद इस धांधली में शामिल है। जानकारी के मुताबिक, 2023 के पंचायत चुनाव में चंपाहाटी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में 18 हजार 200 नाम थे, लेकिन इस बार यह संख्या बढ़कर 22 हजार 400 हो गई। यानी, हर बूथ पर औसतन 300 से 400 नए वोटर जोड़ दिए गए। खास बात यह है कि नए नामों में अधिकांश मतदाता मुर्शिदाबाद, मालदह और सिलीगुड़ी से जुड़े हुए हैं। यहां तक कि एक-एक फोन नंबर पर 4-5 लोगों के नाम दर्ज पाए गए हैं। पंजीकरण की जांच के दौरान इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ, जिसके बाद बीडीओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई है। इधर, तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि असल में यह भाजपा की साजिश है। चुनाव आयोग की मिलीभगत से बाहरी लोगों के नाम जोड़े जा रहे हैं। फिजिकल वेरिफिकेशन (भौतिक सत्यापन) बंद कर ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार इस षड्यंत्र को उजागर करने के लिए सतर्क है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम राज्य के अधिकारी ही करते हैं, जो तृणमूल सरकार के अधीन हैं। असल में तृणमूल खुद फर्जी वोटरों को सूची में शामिल कर चुनावी फायदा उठाना चाहती है।



## बांग्लादेशियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** एनजेपी थाने की पुलिस ने बांग्लादेशियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाले मास्टरमाइंड को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, एनजेपी थाने की पुलिस ने 23 जनवरी को फूलबाड़ी के अमाईदिघी से दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया था। जिनमें से एक का नाम अताउर रहमान है। अताउर बांग्लादेश के ठाकुरगांव जिले के माधोपुर का रहने वाला है। जबकि, दूसरा अताउर का रिश्तेदार फिरदौस आलम है। पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी के पास से तार काटने वाला हाइड्रोलिक कटर बरामद हुआ था। इसके बाद, गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपियों से पूछताछ में हल्दीबाड़ी के रहने वाला विपुल अधिकारी का नाम सामने आया, जिसने दोनों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने में उसकी मदद की थी। इसके बाद, एनजेपी थाना पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की। करीब एक महीने तक खोजबीन के बाद आखिरकार लिंक मैन विपुल अधिकारी को शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित विपुल अधिकारी को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश कर सात दिनों की रिमांड की मांग किया।



## बीरभूम में जलाशय से बोरी में बंद अज्ञात महिला व जानवर का शव बरामद



**बीरभूम :** जिले के ब्राह्मणी नदी पर स्थित देउचा जलाशय से शनिवार को एक बोरी में बंद दो शव बरामद किए गए। दो शवों में एक महिला जबकि दूसरा एक पालतू जानवर का है। खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस का प्रारंभिक आकलन है कि महिला की हत्या की गई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उसकी हत्या किसने की, अथवा क्या वह महिला उस क्षेत्र की निवासी थी भी या नहीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आईसीएमएआई ने आयोजित किया 44वां कॉस्ट कांफ्रेंस




**कोलकाता :** दइंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के पूर्वी क्षेत्र के सभी चैप्टर की ओर से शुक्रवार को महानगर में 44वें कॉस्ट कांफ्रेंस-2025 का आयोजन महानगर के अलीपुर स्थित धनो धान्य ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने किया। इस मौके पर आइसीएमएआइ के अध्यक्ष सीएमए विभूति भूषण नायक, उपाध्यक्ष सीएमए टीसीए श्रीनिवास प्रसाद, आइसीएमएआइ के ईस्टर्न इंडिया रिजनल काउंसिल के चेयरमैन सीएमए शुभाशीष चक्रवर्ती, सचिव सीएमए दामोदर मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उप-स्थित रहे।

## तृणमूल नेता को धमकी देने के आरोप में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, चार को हिरासत में लिया गया

### डी कंपनी के नाम पर कृष्णेंदु नारायण चौधरी से मांगी गई थी 20 लाख की रंगदारी

**मालदह :** तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता व इंग्लिश बाजार नगरपालिका के अध्यक्ष कृष्णेंदु नारायण चौधरी को जबरन वसूली की धमकी देने के सिलसिले में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और चार लोगों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम सहादत शेख है। वह इंग्लिश बाजार के कमलाबाड़ी इलाके का निवासी है। बता दें कि मालदह जिले में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने आरोप लगाया था कि एक व्यक्ति ने उन्हें फोन करके खुद को 'डी कंपनी' का सदस्य बताया और 20 लाख रुपये मांगे और न देने पर जान से



मारने की धमकी दी। चौधरी ने कहा था कि शुक्रवार की सुबह करीब 10.40 बजे मुझे फोन किया गया। उस शाम 6:51 बजे मेरे व्हाट्सएप नंबर पर संदेश भेजा गया। मुझे अपनी जान पर खतरे का डर नहीं है। लोग मेरी सुरक्षा करें। हालांकि, मैंने पुलिस को इस बारे में सूचित कर दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सहादत शेख का मोबाइल को ट्रैक करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और पुष्टि की कि उसने डी कंपनी के सदस्य के रूप में कृष्णेंदु नारायण चौधरी को कॉल की थी। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में चार और लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें से एक बिहार का निवासी है। अधिकारी ने बताया कि प्रॉपर्टी का काम करने वाला बिचौलिया सहादत शेख डी कंपनी के नाम का इस्तेमाल करके कृष्णेंदु नारायण चौधरी से बड़ी रकम वसूलना चाहता था।

## स्कूलों को प्रैक्टिकल अंक अपलोड करने के लिए सात दिन का अतिरिक्त समय, नहीं करने पर जुर्माना

**❑ उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अधिसूचना जारी कर दिया कड़ा संदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बार-बार समय दिये जाने के बाद भी अभी भी कई स्कूलों ने 11वीं और 12वीं सेमेस्टर के प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं। उन स्कूलों को शुक्रवार से सात दिन का समय दिया गया है। निर्धारित समय के अंदर यदि स्कूल प्रैक्टिकल के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं करते है तो उन्हें जुर्माना देना होगा।

शुक्रवार को उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने एक अधिसूचना जारी कर कड़ा संदेश दिया है। इस बारे में, संसद अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि पिछले साल दिसंबर से पोर्टल तीन बार खोला जा चुका है। पोर्टल दिसंबर के बाद जनवरी में भी खोला गया। लेकिन फिर भी, कई स्कूलों ने नंबर अपलोड नहीं की। यदि कोई स्कूल सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसे जुर्माना देना होगा। बता दें कि पिछले वर्ष 2 दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रैक्टिकल अंक एकत्र करने के लिए पोर्टल खोला गया था। जनवरी में इसे 10-15 दिनों के लिए पुनः खोला गया था। लेकिन, फिर भी कई स्कूलों ने संख्या दर्ज नहीं की। ऐसा भी हुआ है कि कई लोगों ने गलत नंबर दर्ज कराया है। स्कूलों को 20 फरवरी से 28 फरवरी के बीच अंक जोड़ने और गलतियों को सुधारने का अवसर मिलेगा। यदि कोई स्कूल फिर भी पीछे रह जाता है तो प्रति परीक्षार्थी 1,000 रुपये का जुर्माना देना होगा।

## छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय में हंगामा

### आईसी-एसएफआई में संघर्ष से संगीत कार्यक्रम हुआ रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न का एक मामला सामने आने के बाद भारी हंगामा मच गया। आरोप है कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र आहन कर्मकार ने संगीत कार्यक्रम के दौरान दूसरी वर्ष की एक छात्रा के साथ अश्लील हरकत की। इस घटना ने विश्वविद्यालय में पहले से चल रहे संघर्षों को और बढ़ा दिया। जादवपुर विश्वविद्यालय में एक रात पहले ही हॉस्टल प्रवेश को लेकर विरोध प्रदर्शन हो चुका था, और अब यह घटना छात्रों के बीच संघर्ष का कारण बन गई है। इस घटना को लेकर स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि संगीत कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा। सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट्स के मुताबिक, छात्र संगठन आईसी द्वारा आयोजित 'आइकॉन' नामक नवीन प्रवेश समारोह शुक्रवार को चल रहा था।

इस समारोह में तीसरे वर्ष की स्नातक छात्रा मंजीषा बसु ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र आहन कर्मकार ने गणित विभाग की दूसरी वर्ष की छात्रा के साथ बदतमीजी की और फिर मारपीट करते हुए माइक्रोफोन भी छीन लिया। इसके बाद मंच पर दोनों पक्षों के बीच बहस और हाथापाई हुई। इस घटना के राजनीतिक रंग लेने के बाद आईसी ने आरोप लगाया कि जो लोग माइक्रोफोन छीनने और मारपीट कर रहे थे, वे एसएफआई के सदस्य थे। 'आइकॉन' कार्यक्रम में गायक अभिजीत बर्मन और उनके दल को संगीत प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया था, लेकिन मंच पर छात्रों के हंगामे के कारण वे कार्यक्रम नहीं कर सके और उन्हें वापस लौटना पड़ा। शुक्रवार रात से ही विश्वविद्यालय का माहौल तनावपूर्ण हो गया था और शनिवार को भी स्थिति शांत नहीं हुई। इस घटना ने बाहरी व्यक्तियों के विश्वविद्यालय में प्रवेश को लेकर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मेनका स्मृति विद्यामंदिर में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन




**हावड़ा :** मेनका स्मृति विद्यामंदिर निम्न बुनियादी विद्यालय में हावड़ा जिला प्राथमिक शिक्षा संसद द्वारा प्रदान किए गए कंप्यूटर कक्ष का शनिवार को आधिकारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अमटा के विधायक सुकांत पाल ने विद्यालय की दीवार पत्रिका 'सोपान' के 2025 शैक्षणिक सत्र के संस्करण का भी अनावरण किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विधायक सुकांत पाल ने छात्रों के साथ काफी समय बिताया और उनसे हंसी-मजाक व बातचीत की। साथ ही, उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## माध्यमिक परीक्षा में एआई का इस्तेमाल, कोलकाता की छात्रा की परीक्षा रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक परीक्षा में तकनीकी अनियमितता का एक नया मामला सामने आया है, जहां कोलकाता की एक छात्रा पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप का उपयोग करके गणित के प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद बोर्ड ने छात्रा की सभी परी-क्षाएं रद्द कर दी हैं। बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित था। इसके बावजूद, परीक्षा के दौरान कुल 19 परीक्षार्थी मोबाइल फोन के साथ पकडे गए,



जबकि एक छात्र स्मार्टवॉच का उपयोग करता पाया गया। इन सभी छात्रों की इस वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी गई है। घटना दक्षिण कोलकाता के बदातला हाई स्कूल से जुड़ी है, जहां एक छात्रा की परीक्षा बटतला हाई स्कूल में आयोजित की गई थी। आरोप है कि छात्रा गणित के प्रश्नों को ख ऐप में टाइप कर समाधान प्राप्त कर रही थी। परीक्षा केंद्र से कुल छह मोबाइल जब्त किए गए, जिनका उपयोग प्रश्नपत्र भेजने के लिए किया गया था। इनमें से कुछ छात्रों ने प्रश्नों की तस्वीर लेकर अपने घर के शिक्षकों, सीनियर छात्रों और दोस्तों को भेजी थी। बोर्ड अधिकारियों ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और आगे की जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए जा रहे हैं।

## लिटिल थेस्पियन का 14वां राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव जश्न-ए-अजहर, डॉ. प्रताप सेहगल को समर्पित

**कोलकाता :** नाट्य संस्था लिटिल थेस्पियन, 28 फरवरी 2025 से 5 मार्च 2025 तक ज्ञान मंच में अपना 14वां राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव जश्न-ए-अज़हर आयोजित करने जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और अज़हर आलम मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त इस महोत्सव को प्रसिद्ध नाटककार प्रताप सेहगल को समर्पित किया गया है। नाट्य महोत्सव में दो दिनों का रंग संवाद होगा, जिसमें डॉ. अरुण होता, डॉ. मोहम्मद काज़िम, डॉ. ऋषि भूषण, डॉ. विनय मिश्रा और आयाज़ खान 'प्रताप सेहगल के नाटकों में ऐतिहासिक प्रासंगिकता' विषय पर चर्चा करेंगे, जबकि डॉ. शुभ्रा उपाध्याय, डॉ. इतु सिंह, डॉ. रेशमी पांडा मुखर्जी, डॉ. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, अशरफ अली और गौरव दास 'प्रताप सेहगल के नाटकों में मानवीय अस्तित्व की खोज' विषय पर अपने विचार साझा करेंगे।

## सीबीआई का दावा, भाजपा नेता ने अभ्यर्थियों से 78 करोड़ रुपये एकत्र कर भद्र को दिए

**❑ सीबीआई के तीसरे पूरक आरोपत्र में तृणमूल से भाजपा में शामिल हुए नेता अरूण हाजरा का है नाम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में विशेष अदालत में तीसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इस आरोपत्र में अरुण हाजरा नामक एक भाजपा नेता नाम है। हाजरा पहले तृणमूल कांग्रेस में थे। सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है कि अरुण हाजरा अयोग्य नौकरी चाहने वालों की सूची सुजय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाट के काकू को देता था। बात यहीं खत्म नहीं होती, केंद्रीय एजेंसी का दावा है कि सुजय और अरुण ने मिलकर 78 करोड़ रुपये वसूले थे। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है कि प्राथमिक भर्ती घोटाले के अलावा अरुण एसएससी, रेलवे समेत विभिन्न विभागों में नौकरी




दिलाने के नाम पर भी रुपये ऐंठता था। उसने लगभग 78 करोड़ रुपये वसूले थे। यह भी दावा किया गया है कि अरुण ने यह रुपये वसूल कर 'कालीघाट के काकू' को दिया। गौरतलब है कि प्राथमिक भर्ती घोटाले में सीबीआई के सुजय कृष्ण भद्र और तृणमूल के युवा नेता शांतनु बनर्जी का नाम पूरक आरोपपत्र में है। हालांकि, यह पहली बार है जब अरुण हाजरा का नाम सामने आया है। अरुण उत्तर कोलकाता के भाजपा नेता हैं। पहले वह कांग्रेस में थे और बाद में तृणमूल में शामिल हो गए। इसके बाद, वह जब कद्दावर तृणमूल नेता तापस राय भाजपा में शामिल हुए तो उसने भी भगवा झंडा थाम लिया था।

## रेलवे ट्रैक पर जानलेवा गतिविधियों से बचें, पूर्व रेलवे ने की सख्त अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा लगातार लोगों से रेलवे ट्रैक पर दैनिक कामकाजी गतिविधियां करने के कारण होने वाले खतरों के बारे में जागरूक किया जाता है। इसके बावजूद लोग सतर्कता नहीं बरतते हैं। रेलवे ट्रैक केवल ट्रेनों के संचालन के लिए होते हैं, और इन पर अनधिकृत उपस्थिति से जानलेवा हादसे हो सकते हैं। कपड़े सुखाना, बर्तन धोना, या लापरवाही से ट्रैक पार करना जैसे कार्य जीवन के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न करते हैं और ट्रेनों के संचालन में विघ्न डालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अनावश्यक देरी और पैदल यात्रियों तथा ट्रेन यात्रियों दोनों के लिए खतरें पैदा होते हैं। पूर्व रेलवे समय-समय पर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। रेलवे द्वारा लोगों से अपील की गई कि रेलवे ट्रैक के साथ चलना अत्यधिक खतरनाक है। इसके अलावा, रेलवे



ट्रैक का दुरुपयोग अक्सर गंभीर चोटों या जान का नुकसान का कारण बनता है। ट्रेनें उच्च गति से चलती हैं और तत्काल रुक नहीं सकतीं, जिससे लोकोमोटिव पायलट के लिए ट्रैक पर लोगों की उपस्थिति के कारण दुर्घटनाओं को रोकना लगभग असंभव हो जाता है।

पूर्व रेलवे ने सभी निवासियों, विशेषकर रेलवे लाइनों के पास रहने वालों से अपील की है कि वे अपने परिवारों और समुदायों में रेलवे ट्रैक पर घुसपैठ के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाएं।

## स्वरूपनगर में शादी समारोह के दौरान दो घरों में दुस्साहसिक चोरी, लाखों के सामान पर किया हाथ साफ

**कोलकाता, समाज्ञा**

बशीरहाट महकमे के स्वरूपनगर थाना अंतर्गत बिथारी गाबतला इलाके में शादी समारोह के दौरान हुई दुस्साहसिक चोरी ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। चोरों ने एक नहीं, बल्कि दो घरों को निशाना बनाया और लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, गोपाल पाल के बेटे की शादी गत शुक्रवार को हुई थी। शादी की तैयारियों में व्यस्त परिवार जब देर रात सो गया, तभी चोरों ने मौके का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पहले शादी के पंडाल में लगे बांसों के सहारे दूसरी मंजिल में प्रवेश किया और वहां से चार मोबाइल फोन और नकदी चुरा ले गए। इसके बाद, चोरों ने पड़ोसी दुलाल पाल के घर की अटारी में घुसकर लाखों रुपये के सोने के गहने, नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिवार के लोगों को चोरी का पता चला, तो पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोर स्थानीय थे या बाहरी गिरोह से जुड़े हुए थे।

फिलहाल, पुलिस चोरी की इस वारदात को लेकर अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है। लेकिन, शादी के माहौल में हुई इस बड़ी चोरी से इलाके में चिंता और डर का माहौल बना हुआ है।

## पूर्व रेलवे ने हावड़ा डिवीजन को 69वें रेलवे सप्ताह में उत्कृष्टता के लिए किया सम्मानित

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 69वें रेलवे सप्ताह का भव्य तरीके से आयोजन किया। सियालदह के बी.सी. रॉय इंस्टीट्यूट में आयोजित इस समारोह में विभिन्न डिवीजनों, कार्यशालाओं और कर्मचारियों की उत्कृष्टता को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 2022-23 और 2023-24 के लिए प्रदान किया गया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने समारोह में विभिन्न डिवीजनों और व्यक्तियों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर कुल 37 शील्ड और कप विभिन्न डिवीजनों और कार्यशालाओं को प्रदान किए गए।

इस दौरान हावड़ा डिवीजन ने कई श्रेणियों में महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त किए। डीआरएम संजीव कुमार के



मार्गदर्शन में डिवीजन ने कई पुरस्कार जीते। हावड़ा डिवीजन के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें प्रमीत देवमल्लिक, एस.के. समिम अहमद, पवन कुमार, आर्यन कुमार, अनिल करवा, शिवरतन कुमार, गरिमा और प्रभात कुमार शामिल थे।

हावड़ा डिवीजन ने कुल नौ प्रतिष्ठित शील्ड जीते, जिनमें वाणिज्य शील्ड, सर्वश्रेष्ठ स्टेशन- रामपुरहाट, इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड, ट्रैक रखरखाव शील्ड, रोलिंग स्टॉक शील्ड, सर्वश्रेष्ठ कोचिंग डिपो कप, सर्वश्रेष्ठ अस्पताल, सुरक्षा शील्ड, और पर्यावरण प्रबंधन शील्ड शामिल है। कुल 98 पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से हावड़ा डिवीजन से 33 थे, जो डिवीजन के उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स में मिला 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' का पुरस्कार

**कोलकाता, समाज्ञा**

जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स में प्रतिष्ठित 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। जिंदल को यह पुरस्कार एक समारोह में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है।

अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

## दुबराजपुर में उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी और उसके प्रेमी का शव जंगल से बरामद

**बीरभूम :** जिले के दुबराजपुर के बकरेश्वर में शनिवार को एक प्रेमी जोड़े का लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में उनके शव इलाके के ज्योतिर मठ इलाके में बरामद किए गए। मृतकों की पहचान सुप्रिया बागड़ी और गोपाल बागड़ी के रूप में की गई हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सुप्रिया इस वर्ष स्थानीय स्कूल से उच्च माध्यमिक परीक्षा की परीक्षार्थी थी। जबकि, मृतक गोपाल बागड़ी एक प्रवासी मजदूर था। दोनों एक ही क्षेत्र में रहते हैं और उनके बीच प्रेम संबंध था। बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच उनके प्रेम संबंध को लेकर कोई आपत्ति नहीं थी। बताया गया है कि सुप्रिया



और गोपाल शुक्रवार की दोपहर से लापता थे। परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने रात में दोनों की तलाश की। इस दिन, सुबह में उनके शव उनके घर से कुछ दूरी पर बकरेश्वर नदी के किनारे ज्योतिर मठ के जंगल में पाए गए। दोनों के शव एक पेड़ की टहनी से लटके मिले। सूचना मिलने पर दुबराजपुर थाना और बकरेश्वर पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतारा। प्रारंभ में यह माना गया कि उन्होंने 'आत्महत्या' की है। लेकिन, इस कठिन निर्णय का कारण क्या है? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिउड़ी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भेज दिया गया है।

# भाजपा के प्रभाव को रोकने के लिए धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट होना होगा : प्रकाश करात

**❑ डानकुनी में माकपा के चार दिवसीय राज्य सम्मेलन का हुआ शुभारंभ**

**हुगली, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता प्रकाश करात ने भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए धर्मनिरपेक्ष ताकतों के बीच एकता को जरूरी बताया। करात ने कहा कि पूरे देश में फैल चुकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा से लड़ने के लिए माकपा और अन्य वामपंथी दलों को मजबूत बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की एकता की वजह से भाजपा पिछले



लोकसभा चुनावों में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई। माकपा केंद्रीय समिति के समन्वयक करात ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा से लड़ने के लिए वामपंथी ताकतों को अपनी उपस्थिति बढ़ाने की जरूरत है। इस दिन, हुगली जिले के डानकुनी में पार्टी के चार दिवसीय राज्य सम्मेलन की शुरुआत करने के बाद करात ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में वामपंथियों को तृणमूल और भाजपा दोनों से लड़ना होगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य में वामपंथी कार्यकर्ताओं पर पिछले तीन वर्षों में कई हमले हुए हैं। उन्होंने कहा कि अत्याचारों के बावजूद, माकपा ने आरजी कर अस्पताल में चिकित्सक से बलात्कार-हत्या समेत विभिन्न मुद्दों पर आगे बढ़कर जन आंदोलन आयोजित किए। सम्मेलन में पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति तैयार किए जाने की संभावना है। माकपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सम्मेलन के समापन दिवस 25 फरवरी को डानकुनी में एक जनसभा आयोजित की जाएगी।

**❑ करात ने बंगाल में युवाओं के माकपा से नहीं जुडने़ पर जताई चिंता**

वरिष्ठ माकपा नेता व पोलित ब्यूरो के समन्वयक प्रकाश करात ने बंगाल में युवाओं के पार्टी से नहीं जुडने़ पर चिंता जताई है। करात ने कहा कि बंगाल में युवा पार्टी के सदस्य नहीं बन रहे हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि वहां पार्टी के 100 सदस्यों में 22 की उम्र 31 वर्ष से कम है। करात ने माकपा के बंगाल नेतृत्व को ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

**❑ याद किए गए येचुरी व बुद्धदेव**

राज्य सम्मेलन के पहले दिन पार्टी के दो दिवंगत नेताओं सीताराम येचुरी व बुद्धदेव भट्टाचार्य को याद किया गया। सम्मलेन स्थल के बाहर दोनों की आवक्ष प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, जिनपर पार्टी नेताओं ने माल्यार्पण किया। राज्य सम्मेलन के पहले दिन कई पार्टी नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि माकपा बूथ स्तर पर अभी भी अपनी सांगठनिक कमजोरी दूर नहीं कर पाई है। पार्टी के सदस्यों की संख्या में भी साल-दर-साल गिरावट देखने को मिल रही है। इसे नियंत्रित करने की जरुरत बताई गई है।

## किराया बढ़ाने की मांग पर सेवा बंद का आह्वान, 27 फरवरी को 12 घंटे तक नहीं चलेंगी ऐप कैब

**कोलकाता, समाज्ञा :** वामपंथी श्रमिक संगठन सीटू (सीआईटीयू) द्वारा संचालित ऐप कैब संगठन ने किराया वृद्धि सहित बुनियादी ढांचे के विकास की मांग पर इस बार सेवा बंद करने का आह्वान किया है। अगले सप्ताह कोलकाता में 12 घंटे तक ऐप कैब नहीं चलेंगे। यह निर्णय ओला-उबर ऑपरेटर्स एवं ड्राइवर्स यूनियन द्वारा लिया गया। संगठन के सह सचिव सोहाग खान ने विरोध स्वरूप सेवाएं बंद करने की घोषणा की। 27 फरवरी को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कोई भी ऐप कैब सड़क पर नहीं चलेगी। सीटू द्वारा संचालित ओला एवं उबर ऑपरेटर्स एवं ड्राइवर्स यूनियन के सह सचिव सोहाग खान ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ड्राइवरों के लिए कोई विशिष्ट किराया तय



नहीं कर रही है। हालांकि, तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ, सड़क पर ऐप कैब को बढ़ाना मुश्किल हो रहा है। गत 20 फरवरी को हमने एक बैठक किया, जिसमें आगामी 27 फरवरी को ऑफलाइन हड़ताल का आह्वान करने का निर्णय लिया गया है। यानी, हमने अपनी निगरानी में ओला, उबर, इनड्राइव और रैपिडो जैसी ऐप कैब को सड़कों पर चलने से रोक दिया है। ऐप कैब उन 12 घंटों के लिए सड़क पर नहीं चलेंगी।

## चंडीतला थाने के पूर्व आईसी जयंत पाल को अस्पताल से मिली छुट्टी, जांच जारी

**हावडा, समाज्ञा :** हुगली के चंडीतला थाने के पूर्व आईसी जयंत पाल को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। गत बुधवार रात को हावड़ा के घोषपाड़ा पेट्रोल पंप के पास गोली लगने के बाद जयंत पाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद वे शनिवार को अस्पताल से बाहर आए। इस दौरान उनके बाएं हाथ पर पट्टी बंधी हुई दिखी। अस्पताल से बाहर आते ही बाहर खड़ी पुलिस की गाड़ी में बिना किसी को जवाब दिए बैठ गए। इसके बाद, गाड़ी हुगली के लिए रवाना हो गयी। सूत्रों के मुताबिक, जयंत पाल विवाहित थे। इसके बावजूद वह अपनी एक महिला मित्र के साथ गहरे संपर्क में थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार,



गोली देसी पिस्तौल से चलाई गई थी और गोली जयंत पाल के हाथ को छूते हुए बाहर निकल गई। बाद में दालाल पुकुर इलाके के एक जंगल में पिस्तौल को फेंक दिया गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। इन घटनाओं के बीच जयंत पाल को चंडीतला थाने से हटा दिया गया है। जांच के दौरान यह संभावना जताई जा रही है कि उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

## जीवनतला में भाजपा कार्यकर्ता पर हमला, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** जीवनतला में कुछ दिन पहले भाजपा कार्यकर्ता और उनके परिवार पर हमले की घटना सामने आयी थी। शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार जीवनतला पहुंचीं। आरोप है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने यह हमला सुनियोजित तरीके से किया। शुभेंदु अधिकारी ने इस हमले का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था, महिलाओं पर बेरहमी से अत्याचार किया गया है। पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची अर्चना मजूमदार को तृणमूल महिला कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। महिला कार्यकर्ताओं का आरोप था कि बापन मंडल उस जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं,



जहां पहले एक क्लब हुआ करता था, जो एक तूफान में गिर गया था। अब भाजपा कार्यकर्ता उस जमीन को कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं। बापन मंडल के परिवार से मुलाकात के बाद अर्चना मजूमदार ने विरोध करने वालों से भी बातचीत की और कहा, चाहे जो भी कारण हो, घर में घुसकर महिलाओं पर हमला करना बिल्कुल गलत है। मैंने खुद देखा, उस परिवार की सात महिलाएं सड़क पर बाहर जाने से डर रही हैं। पुलिस उन्हें सुरक्षा क्यों नहीं दे पा रही है? दो महिलाओं का गला दबाया गया और बच्चे को फेंक दिया गया। जो घटना महिलाओं के साथ हुई है, हम उसे बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला राजनीतिक रंग में रंगी हुई भूमि विवाद की लड़ाई प्रतीत होता है।

## आरजीकर पीड़िता के माता-पिता का आरोप, छह महीने बाद भी नहीं मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना को छह महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन उसके माता-पिता को अभी भी उसके मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति नहीं मिली है। दरअसल, पीड़िता का शव पिछले साल 9 अगस्त की सुबह आरजीकर मेडिकल कालेज के परिसर में स्थित सेमिनार हॉल से बरामद किया गया था। पीड़िता के माता-पिता ने आरोप लगाया कि वे अब तक मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं, क्योंकि आरजीकर और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। उनके अनुसार, केएमसी के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि चूंकि मृत्यु का स्थान आरजीकर है, इसलिए मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करना अस्पताल के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मृतका के माता-पिता कहना है कि दूसरी ओर, आरजीकर के अधिकारियों का दावा है कि यदि कोई मरीज अस्पताल परिसर में मरता है या यहां तक कि उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाया जाता है, तो मृत्यु प्रमाण पत्र केएमसी अधिकारियों को प्रदान करना होगा। पीड़िता के माता-पिता ने आगे दावा किया है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति नहीं मिली है, लेकिन आरजीकर से जुड़े एक चिकित्सा अधिकारी के बयान के अनुसार, अदालत के दस्तावेजों में इसका उल्लेख किया गया है। अब वे कहते हैं कि अगर मृत्यु प्रमाण पत्र का उल्लेख अदालत के दस्तावेजों में है, तो प्रमाण पत्र की एक प्रति उन्हें क्यों नहीं सौंपी गई?

### सेकेंड हुगली ब्रिज से गंगा नदी में छलांग लगाकर खुदकुशी की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा**

महानगर के सेकेंड हुगली ब्रिज (विद्यासागर सेतु) से गंगा नदी में कूदकर एक व्यक्ति ने खुदकुशी



की कोशिश की। यह घटना शनिवार की सुबह करीब 11.30 बजे घटी। हालांकि, उसे बचा लिया गया और एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह खुदकुशी क्यों करना चाहता था? पुलिस सूत्रों के अनुसार, 40 वर्षीय व्यक्ति ने हावड़ा से कोलकाता आते समय पुल के बीच में अपनी स्कूटी रोकी और अचानक रेलिंग फांदकर गंगा में छलांग लगा दी। उस समय मछुआरे गंगा नदी में मछली पकड़ रहे थे। उन्होंने उसे बचा लिया। इसकी सूचना नदी यातायात पुलिस को दी गई। तुरंत, उसे एसएसकेएम ले जाया गया, फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर है। तत्काल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। स्कूटी को घटनास्थल से बरामद कर हेस्टिंग्स थाने ले जाया गया और स्कूटी के नंबर उसके बारे में और उसके घर की जानकारी जुटाई जा रही है।

# बीरभूम में तृणमूल नेता की पीट-पीटकर हत्या, इलाके में तनाव

**बीरभूम :** बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उक्त वारदात से हड़कंप मच गया है। घटना शुक्रवार की रात कांकड़तला थाना अंतर्गत बड़ा गांव की है। मृतक की पहचान शेख नियामुल के रूप में की गई है। आरोप है कि यहां कुछ बदमाशों ने तृणमूल नेता शेख नियामुल को घेरकर पकड़ा और फिर जमकर पिटाई की। गंभीर रूप से घायल नेता ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है और



पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार की रात वह बड़ा बस स्टैंड से बाइक पर घर लौट रहे थे, तभी गांव के गरीबपाड़ा इलाके के पास बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें बाइक से उतारकर लोहे की रॉड और पत्थरों से बुरी तरह पीटा। परिवार का दावा है कि पत्थर से उनके सिर को कुचल दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल नियामुल को सिउड़ी सदर अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई इनामुल शेख ने आरोप लगाया कि उनका परिवार तृणमूल नेता उज्ज्वल कादरी के साथ जुड़ा था, इसी वजह से विरोधी गुट ने उनके भाई पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि आरोपित गुट ने पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए काम किया था। घटना के बाद बड़ा गांव में जबरदस्त तनाव है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीरभूम जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## कोलकाता एयरपोर्ट में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता एयरपोर्ट के एयरपोर्ट स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एएससीबी) ने दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया। 21 और 22 फरवरी को एएआई आवासीय कालोनी स्थित खेल मैदान में आयोजित होने वाली वार्षिक खेल प्रतियोगिता, एयरपोर्ट के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध क्रिकेट कोच सम्बरण बनर्जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. पी.आर. बेउरिया एवं एएससीबी के अध्यक्ष, कोलकाता एयरपोर्ट ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एएआई के वरिष्ठ अधिकारी, कार्यकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न एथलेटिक और टीम स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। यह कार्यक्रम संतुलित जीवनशैली और टीमवर्क के महत्व को रेखांकित करता है, जो भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मूल्यों में गहरे से निहित है।

## महात्मा गांधी रोड पर बहुमंजिला इमारत के ऊपरी मंजिल पर लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार थाना अंतर्गत महात्मा गांधी रोड पर पारख कोठी के पास एक बहुमंजिला इमारत के ऊपरी मंजिल पर आगलगी की घटना सामने आई है। दमकल की दो गाड़ियां ने आग पर काबू पाया। हालांकि, इस घटना में किसी के आहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि ऊपरी मंजिल पर सफाई कर्मियों को रहने के लिए कमरा दिया गया है। उसी कमरे में आग लगी। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात करीब 11.20 बजे कमरे में आगजनी की खबर पाकर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। आग कैसे लगी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया।

## बीबीडी बाग इलाके में आग लगने से मची अफरा-तफरी, मौके पर पहुंची दो दमकल की इंजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बीबीडी बाग इलाके में शनिवार शाम को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की दो इंजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना बंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पास स्थित एक बहुतल इमारत में हुई। शनिवार होने के कारण अधिकांश कार्यालय पहले ही बंद हो चुके थे और कर्मचारी वहां मौजूद नहीं थे। बिल्डिंग के नीचे तैनात सिक्योरिटी कर्मचारियों ने देखा कि बिल्डिंग के मीटर बॉक्स के पास स्थित ट्रांसफार्मर से आग निकल रही है, जिससे काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया। इसके बाद, तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया गया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने घटनास्थल पर जल्दी पहुंचकर आग को और बढ़ने से रोका। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया और बिल्डिंग की बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से काट दिया गया है।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने में रेलवे की अग्रणी भूमिका

**❑ तीर्थयात्रियों ने 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का लिया लाभ**

**❑ अभी तक 3.6 करोड़ श्रद्धालुओं को कुंभ एरिया में हैंडल किया गया**

**❑ 92% ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमो श्रेणी की रहीं, जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हुईं**

**❑ 50% ट्रेनें उत्तर प्रदेश से शुरू हो के प्रयागराज एरिया को आयी जबकि दिल्ली से 11%, बिहार से 10% और महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान व गुजरात जैसे अन्य राज्यों से 3-6% ट्रेनें आईं**



**नई दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया, लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निसंदेह अग्रणी है। इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकॉर्ड भी बना है। हालांकि, महाकुंभ अब समापन की ओर है, लेकिन एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ कही ना कही उठाया। दूसरे शब्दों में, महाकुंभ के करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या अगल-बगल के प्रमुख शहरों तक पहुंचने में ट्रेनों की ही मदद ली।इस बार, प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही, महाकुंभ को दौरान भीड़ बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं। महाकुंभ की शुरुआत से लेकर अब तक 13,667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनों की सुरुअत कुंभ एरिया से हुई, एवं2008 ट्रेनों कुंभ एरिया बाहर से आयी, बाक़ी 8,211 नियमित ट्रेनें थीं। शहर में प्रयागराज समेत कुल नौ स्टेशन हैं, जहां ट्रेनों का आवागमन हुआ। अकेले प्रयागराज स्टेशन पर ही पांच हजार ट्रेनें का लाभ श्रद्धालुओं को मिला।

**❑ प्रयागराज एरिया के किस स्टेशन से कितनी ट्रेनों की सुविधा मिली (इसमेंकुछ ट्रेन्स कई स्टेशनों पर रुककर श्रद्धालुओं को लेकर चली)**

| स्टेशन | ट्रेनों की संख्या |
|---|---|
| ❍ प्रयागराज | 5,332 |
| ❍ नैनी | 2,017 |
| ❍ चेउकी | 1,993 |
| ❍ सूबेदारगंज | 4,313 |
| ❍ झूसी | 1207 |
| ❍ प्रयागराज-रामबाग | 764 |
| ❍ प्रयाग जंक्शन | 1326 |
| ❍ प्रयागराज-संगम | 515 |
| ❍ फाफामऊ | 1010 |

**❑ राज्यवार रेल सेवाएं**

| राज्य | कुंभ के लिए ट्रेनें |
|---|---|
| ❍ उत्तर प्रदेश | 6,436 |
| ❍ दिल्ली | 1,343 |
| ❍ बिहार | 1,197 |
| ❍ महाराष्ट्र | 740 |
| ❍ पश्चिम बंगाल | 560 |
| ❍ मध्य प्रदेश | 400 |
| ❍ गुजरात | 310 |
| ❍ राजस्थान | 250 |
| ❍ असम | 180 |

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा)
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2024-7RRR, दिनांक: 18.02.2025
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम:** जबलपुर मंडल में बीना-कटनी सेक्शन में एबीटी मीटर के साथ टीएसएस/एसएसपी के बिजली केबल और नियंत्रण केबल का प्रतिस्थापन।. **कार्य स्थल:** जबलपुर मण्डल, **कार्य की अवधि:** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 2,07,99,269.87/-(रुपये दो करोड़ सात लाख निन्यानबे हजार दो सौ उनहत्तर एवं सतासी पैसे मात्र), **बयाना राशि:** रुपये-2,54,000.00/-, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 18.03.2025 15:00 बजे/18.03.2025 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेवसाईट:** https://www.ireps.gov.in. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
(हस्ता.)
कृते मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण-वितरण, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## राज्य ने जीएसटी से रिकॉर्ड 38 हजार करोड़ रुपये की आय प्राप्त की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल ने राज्य जीएसटी से रिकॉर्ड आय प्राप्त की है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक राज्य ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से 38 हजार करोड़ रुपये की आय अर्जित की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, जीएसटी के अलावा अन्य स्रोतों से राज्य की राजस्व आय अब तक 15 हजार करोड़ रुपये रही है। राज्य जीएसटी के तहत जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उसे भी राज्य ने पार कर लिया है। पश्चिम बंगाल सरकार के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य जीएसटी से सबसे अधिक आय अक्टूबर से दिसंबर माह के बीच हुई है। इस शानदार उपलब्धि से राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है और यह संकेत देता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था लगातार प्रगति की दिशा में बढ़ रही है।

# मिनाखां में अनियंत्रित बस चाय दुकान में घुसी, चार की मौत व 22 घायल

**❑ मालंचा से कोलकाता जा रही थी निजी यात्री बस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के मिनाखां में शुक्रवार की शाम एक भीषण बस दुर्घटना हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। जबकि, घटना में कम से कम 22 लोग घायल हो गये। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, शाम को एक निजी यात्री बस मालंचा से कोलकाता की ओर जा रही थी। बस बासंती राजमार्ग पर जयगांव इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक चाय की दुकान से जा घुसी। बताया जा रहा है कि एक महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कई यात्री गंभीर रूप से



घायल हो गए। स्थानीय निवासी उनकी सहायता के लिए दौड़े। प्रारंभ में बताया गया कि इस घटना में कम से कम 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए मिनाखां अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि उनमें से कई लोगों को कोलकाता के अस्पतालों में स्थानांतरित किया जा रहा है क्योंकि उनकी हालत गंभीर है। पता चला है कि बस की गति बहुत तेज थी। उसी समय विपरीत दिशा से एक और कार आ रही थी। बस चालक ने आमने-सामने की टक्कर से बचने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे स्थित एक चाय की दुकान मे घुस गई। बस के धक्के से दुकान की दीवार गिरकर पूरी तरह नष्ट हो गई। उस समय दुकान के अंदर कम से कम आठ लोग थे। वे सभी बस के नीचे कुचल गये। बताया जा रहा है कि कई लोग बस के नीचे फंसे हुए हैं। आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। सूचना पाकर मिनाखां थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर गयी।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# नयी शिक्षा नीति के संदर्भ में उत्कृष्ट शिक्षक के सर्वोत्तम गुण



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय




एक उत्कृष्ट शिक्षक छात्रों की शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 ने शिक्षकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी और छात्र-केंद्रित बनाने पर बल दिया है। यह लेख उन गुणों का विश्लेषण करता है जो एक असाधारण शिक्षक को परिभाषित करते हैं और NEP 2020 के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता को उजागर करता है। यह लेख शिक्षकों की पेशेवर वृद्धि, नवाचार, और समावेशी शिक्षण विधियों पर भी प्रकाश डालता है।

शिक्षण सबसे प्रभावशाली व्यवसायों में से एक है, क्योंकि शिक्षक भविष्य की पीढ़ियों के विचारों को आकार देते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षकों के लिए नवीनतम शिक्षण विधियों को अपनाने और व्यावहारिक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। जॉन हैटी (2009) के अनुसार, जो शिक्षक अपने विषयों के प्रति जुनूनी होते हैं और अपने छात्रों की परवाह करते हैं, वे महत्वपूर्ण शिक्षण प्रभाव उत्पन्न करते हैं। यह लेख एक उत्कृष्ट शिक्षक के गुणों का विश्लेषण करता है और NEP 2020 के अनुसार उनके महत्व को दर्शाता है।

**उत्कृष्ट शिक्षक के प्रमुख गुण**

**1. गहन विषय ज्ञान और सतत शिक्षा**

एक उत्कृष्ट शिक्षक को विषय की गहरी समझ होनी चाहिए और नवीनतम ज्ञान प्राप्त करने के लिए निरंतर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। NEP 2020 ने शिक्षकों के लिए सतत व्यावसायिक विकास (CPD) अनिवार्य किया है, जिससे वे अपने विषय में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकें। उदाहरण के लिए, हिंदी शिक्षक को नई शिक्षण तकनीकों और डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।

**2. प्रभावी संचार और बहुभाषी शिक्षण**

NEP 2020 ने मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में प्रारंभिक शिक्षा देने पर बल दिया है। एक उत्कृष्ट शिक्षक को प्रभावी संचार कौशल के साथ-साथ बहुभाषी शिक्षण में भी दक्ष होना चाहिए। यह छात्रों को अपने विषय को बेहतर तरीके से समझने और आत्मविश्वास से सीखने में मदद करता है।

**3. सहानुभूति और समावेशी शिक्षा**

नई शिक्षा नीति समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करती है, जिसमें सभी वर्गों और विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को समान अवसर दिए जाएं। एक शिक्षक को सहानुभूति और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से छात्रों की जरूरतों को समझना चाहिए और उनके अनुसार शिक्षण विधियों को अनुकूलित करना चाहिए।

**4. अनुकूलनशीलता और डिजिटल शिक्षा का उपयोग**

NEP 2020 ने ऑनलाइन और मिश्रित शिक्षा को बढ़ावा दिया है। COVID-19 महामारी ने यह उजागर किया कि शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा में दक्ष होने की आवश्यकता है। एक उत्कृष्ट शिक्षक को ई-लर्निंग टूल्स, स्मार्ट क्लासरूम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों का उपयोग करके शिक्षा को अधिक रोचक बनाना चाहिए।

**5. जुनून और नवाचार**

नई शिक्षा नीति व्यावहारिक और अनुसंधान-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। शिक्षक को पारंपरिक शिक्षण से हटकर नवाचार अपनाने चाहिए, जैसे कि प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, गेमिफिकेशन और रचनात्मक शिक्षण पद्धतियाँ। उदाहरण के लिए, विज्ञान शिक्षक छात्रों को प्रयोगशाला गतिविधियों और फील्ड स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर सकता है।

**6. मजबूत कक्षा प्रबंधन और मूल्यों पर बल**

एक संगठित और सकारात्मक कक्षा वातावरण छात्रों की उत्पादकता को बढ़ाता है। NEP 2020 ने नैतिक शिक्षा, पर्यावरणीय जागरूकता और जीवन-कौशल आधारित शिक्षण को प्राथमिकता दी है। एक शिक्षक को कक्षा में नैतिक मूल्यों को विकसित करने और छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**शिक्षकों के लिए सुझाव**

- सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों में भाग लें और नवीनतम शिक्षण तकनीकों को अपनाएं।
- छात्रों को व्यावहारिक और अनुसंधान-आधारित शिक्षा देने के लिए नई शिक्षण विधियों को लागू करें।
- डिजिटल उपकरणों और ई-लर्निंग संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें।
- बहुभाषी शिक्षण विधियों को अपनाकर छात्रों की समझ और आत्मविश्वास को बढ़ाएं।
- समावेशी कक्षा का निर्माण करें जो सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करे।

NEP 2020 के तहत, एक उत्कृष्ट शिक्षक को ज्ञान, संचार, सहानुभूति, अनुकूलनशीलता, और नवाचार का संयोजन करना चाहिए। शिक्षकों को निरंतर सीखने, तकनीकी सक्षमता और समावेशी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। यदि शिक्षक इन गुणों को अपनाते हैं, तो वे छात्रों को एक समृद्ध और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान कर सकते हैं, जिससे संपूर्ण शिक्षा प्रणाली को लाभ मिलेगा।

# नटखट शीलू



डॉ.मंजरी शुक्ला



शीलू एक बहुत ही प्यारा सा बच्चा था। उसकी कंचे जैसी भूरी आँखें और गोलमटोल गाल देखकर उस की ढेर सारी शैतानियों के बाद भी मम्मी,पापा के साथ साथ सभी को उस पर ढेर सारा प्यार आ जाता था।

वैसे तो वह बहुत हिम्मती था, चाहे क्रिकेट खेलना हो या फुटबॉल, वह अपने से बड़े बच्चों के बीच भी जाकर दौड़ भाग कर लिया करता था। कई बार बिजली गुल हो जाने पर रात के अंधेरे में भी वह सबसे पहले टॉर्च या मोमबत्ती लेने के लिए दौड़ पड़ता। किसी भी बात से नहीं डरने वाले शीलू को एक बात से बहुत डर लगता था और वह था नहाना...

जब भी नहाने का समय होता तो कभी वह छत पर भाग जाता तो कभी गलियारे में जाकर छिप जाता। जैसे ही सुबह के आठ बजते थे, घर में चीख-पुकार मच जाती थी क्योंकि शीलू का उस समय कहीं भी कोई अता-पता नहीं होता था। कभी वह अपनी अलमारी के अंदर बैठा मिलता तो कभी अलमारी के ऊपर चढ़ा हुआ...

कभी चौकीदार के बेडरूम में तो कभी मम्मी के ही पलंग के नीचे। शुरु में तो मम्मी को उसे ढूंढने में घंटों लग जाते थे पर अब धीरे-धीरे उन्हें भी दो चार जगह ऐसी पता चल गई थी जहाँ पर शीलू छिपा हुआ होता था, इसलिए वह वहाँ जाकर उसे बड़ी आसानी से पकड़ लेती थी। शीलू की मम्मी बाथरूम के दरवाजे के बाहर ही खड़ी हो जाती थी ताकि वह वापस ना भाग जाए। शीलू भला कौन सा कम था।

वह दरवाजा बंद करके नल चला देता था और बाथरुम के अंदर दीवार से सटकर एक कोने में खड़ा रहता था ताकि उसके ऊपर एक भी पानी का छींटा ना पड़ जाए। जब दस पंद्रह मिनट होने लगते तो मम्मी खुद ही दरवाजा भड़भड़ाते हुए कहती- ऐसे तो तुम्हें सारे मोहल्ले में ढूंढती रहती हूँ और बाथरुम में जाकर तो निकलते ही नहीं हो। जल्दी बाहर आओ, मुझे और भी ढेर सारे काम करने हैं।

यह सुनकर शीलू खुश हो जाता और दो चार बूंदे अपने सिर और चेहरे पर डालकर, अपने ऊपर ढेर सारा पाउडर छिड़ककर बाहर निकल आता। पर आजकल इतवार का दिन पहले की तरह शीलू को पसंद नहीं था। पहले तो पूरे हफ़्ते वह सारे दिन गिनता रहता था कि कब इतवार आये और वह दिन भर मजे से बैठकर दादा दादी से कहानियाँ सुने।

पर इतवार का दिन उसे पहले जितना पसंद था आजकल उतना ही नापसंद क्योंकि पापा इतवार के दिन उसे अपने साथ स्विमिंग पूल लेकर जाते थे। स्विमिंग पूल में नहीं उतरने के वह हजारों बहाने बनाता था जिन्हें सुनकर वहाँ खड़े लोग खूब जोरों से हँसते थे। कभी वह कहता कि पापा मेरे पैर काँप रहे है तो कभी वह कहता मुझे चक्कर आ रहे है।

पापा उसकी सारी बहानेबाजी समझते थे इसलिए वह उसे गोद में उठाकर अपने साथ पूल में डाल लेते थे और कहते-जब तुम पानी में तैरोगे तो सब ठीक हो जाएगा।

एक दिन जब वह पूल में था तो पापा से बोला-पापा देखो, वह कोच कितना बूढ़ा है। अगर मैं डूब जाऊंगा तो वह मुझे बचा नहीं पाएगा।

अरे, तुम बिलकुल चिंता मत करो। मैं तुम्हें बचाउंगा। पापा ने गर्व से कहा

शीलू यह सुनकर चुप हो गया , फिर कुछ सोचते हुए बोला-और पापा अगर आप डूब जाओगे तब मुझे कौन बचाएगा?

पापा यह सुनकर गुस्से से बोले-चुप रहो, जब देखो तब खराब बाते करते रहते हो।

अच्छा पापा जब मैं डूब जाऊँ तो अच्छी बात है और आप डूब जाओ तो खराब बात... और यह कहकर उसने जोरों से रोना शुरु कर दिया।

घर लौटकर जब उसने सब बातों को अपने हिसाब से मम्मी को बताया तो उन्होंने उसका नहाना भूलकर पापा की अच्छे से खबर ली। बेचारे पापा कुछ नहीं बोल पाए और अगली बार से उसे अपने साथ कभी भी स्विमिंग पूल भी नहीं ले गए।

एक दिन शीलू के स्कूल से पिकनिक जाने का प्रोग्राम बना। शीलू बहुत खुश था। अपने दोस्तों के साथ ढेर सारी मौज मस्ती और सैर सपाटा सोच कर ही उसे बहुत मजा आ रहा था।

जब सारे बच्चे पिकनिक स्पॉट पर पहुँचे तो बच्चों ने सोचा कि क्या खेल खेला जाए। तभी चीनू बोला हम कई बच्चों की आँखों में पट्टी बांध देंगे और उसके बाद वे उस वस्तु को सूँघकर उसका नाम बताएँगे। सभी बच्चे यह सुनकर बहुत खुश हो गए क्योंकि यह बिलकुल नए तरह का खेल था।

सभी बच्चों ने उसकी हाँ में हाँ मिलाई। कभी कोई फूल लाता तो कोई अपने लंच बॉक्स में बनी हुई सब्जी पूछता, कई बच्चे सही जवाब देते तो कई गलत, पर बच्चों को इस खेल में बड़ा मजा आ रहा था इसी तरह वे बहुत देर तक किसी ना किसी का नाम पूछते रहे। जब रानू की बारी आई तो उसने सबकी आँखों पर पट्टी बांधकर शीलू को आगे कर दिया।

मीतू ने सूँघते हुए कहा-ऐसा लग रहा है कि तुमने हाथ में डस्टबिन उठाया हुआ है।

डस्टबिन यह सुनकर सभी जोरों से हँस पड़े पर शीलू सकपका गया।

बारी-बारी से सभी दोस्त उसके पास आकर बोले-हमें भी कूड़े की बदबू आ रही है।

अपनी आँखों से पट्टी हटाने के बाद उसके दोस्त शीलू को आश्चर्य से देखने लगे।

रोमी बोला-छी... छी छी..शीलू, तू कभी नहाता नहीं है क्या? तेरे पास है कितनी गंदी बदबू आ रही है!

हाँ, बस में भी तुम मेरे बगल में बैठे थे तो भी बहुत गंदी बदबू आ रही थी मुझे पता नहीं था कि तेरे पास से ही आ रही थी। सोनू ने गंदा सा मुँह बनाते हुए कहा

तभी टीचर ने सब को खाने खाने के लिए बुला लिया। स्वादिष्ट खाना खाने के बाद सभी लोग टीचर के साथ संग्रहालय घूमने के लिए चले गए पर शीलू को तो जैसे काटो तो खून नहीं था। उसे अपने ऊपर बहुत शर्म आ रही थी। पिकनिक से लौटते हुए ही उसने कुछ निश्चय कर लिया था। अगले दिन सुबह आठ बजे जैसे ही मम्मी उसे ढूंढने को हुई तब तक शीलू नहा धोकर तैयार हो चुका था।

मम्मी उसे देख कर प्यार से बोली- नहाता तो तू रोज है पर आज बहुत ही सुन्दर और साफ़ -सुथरा कैसे लग रहा है?

यह सुनकर शीलू हँस पड़ा। उसने पापा से भी माफ़ी माँगकर उनके साथ स्विमिंग पूल भी जाना शुरू कर दिया।

# अपने पैरों की सुध लीजिये



सुमित्रा यादव

हमारा शरीर मशीन की भांति ही कार्य करता है। जिस प्रकार सभी कलपुर्जों की देखभाल से ही मशीन सुचारू रूप से काम करती है, उसी प्रकार शरीर के सभी अंगों की नियमित देखभाल से ही शरीर निरोग व स्वस्थ रहता है। साथ ही साथ लंबे समय तक चलने की संभावना बनी रहती है।

शरीर में यूं तो सभी आवश्यक अंग महत्त्वपूर्ण होते हैं किंतु पैर तो पूरे शरीर के भार को ढोते हैं। फिर भी हम पैरों की तरफ लापरवाही करते हैं और उनकी अपेक्षित देखभाल नहीं करते हैं। अनेक महिलायें तो शरीर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए अनेक उपाय करती हैं। नाना प्रकार की सौंदर्य सामग्रियां प्रयोग में लाती हैं किंतु पैरों को पूरी तरह उपेक्षित कर देती हैं जिससे उनकी सुंदरता फीकी पड़ जाती है। यदि कुछ वक्त पैरों की देखभाल में लगायें तो किसी भी जगह आप आकर्षण का केंद्र बन सकती है।

पैरों की नियमित देख-रेख से आपकी खूबसूरती पर चार चांद लग सकते हैं। यूं तो आप ब्यूटी पार्लर में पेडीक्योर करवा कर पेरों की सुंदरता बढ़ा सकती हैं लेकिन यदि समय और धन की बचत करना चाहती हों तो घर में भी यह हो सकता है।

## आइये, पैरों की सुंदरता बढ़ाने के कुछ टिप्स बताएं।

- सर्वप्रथम चौकोर रब में हल्का गुनगुना पानी लेकर साबुन डालें। झाग उत्पन्न होने पर उसमें पैरों को रखें। याद रहे पैर पूरी तरह भीगने चाहिए।
- कम से कम 20 मिनट तक ऐसा करें। इस समय का सदुपयोग आप पेपर पढ़ कर या हाथ से किया जाने वाले अन्य कार्य करके कर सकती हैं।
- बीच-बीच में दोनों पैरों को एक दूसरे के ऊपर रख कर रगड़ते रहें।
- 20 मिनट पश्चात प्यूमिक स्टोन या कड़े बाल वाले ब्रश से एड़ियों को रगड़ें। इसके साथ ही पैरों की भी हल्की मालिश करें।
- फिर स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोकर नरम तौलिये से पैरों को पोंछें। पैर की उंगली के पोरों को भी अच्छी तरह पोंछें। सूख जाने के बाद क्रेक क्रीम लगायें या फिर सरसों का तेल हल्दी मिला कर लगायें।
- पुराने टूथब्रश से नाखूनों की भी सफाई करें। खाली समय में नाखूनों पर नींबू को उलट कर रगड़ें। इससे नाखून मजबूत एवं चमकदार होते हैं।
- नाखून पर रंगों से मेल खाती बढ़िया क्वालिटी की नेल पालिश लगायें। नेल पालिश उखड़ने लगे तो रिमूवर से नाखून साफ करें।
- कुछ दिन नाखूनों पर नेल पालिश न लगायें।
- पैरों की सुध नियमित लें। यदि रोजाना गवारा न हो तो सप्ताह में दो बार अवश्य करें। कुछ दिनों के अंतराल में आपके पैर चेहरे की भांति चमकने लगेंगे। इस प्रकार आप थोड़ी सी सूझ-बूझ समझदारी से पैरों को उपेक्षित होने से बचा लेंगी। (उर्वशी)

# चाय बनाने के बाद फेंक देते हैं बची हुई चाय पत्ती, ऐसे कर सकते हैं फिर से इस्तेमाल



सर्दी हो या गर्मी चाय पीना हर भारतीय का फेवरेट ड्रिंक है। कोई खुशखबरी है या फिर तबीयत नासाज है तो भी लोग एक कप चाय की डिमांड जरूर करते हैं। चाय के दीवाने एक प्याली चाय के लिए मीलों का सफर भी तय कर लेते हैं। सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म करने के लिए लोग खूब चाय का सेवन करते हैं। इससे चाय की खपत भी दोगुनी हो जाती है। चाय छानने के बाद हम चाय पत्ती कूड़ेदान में फेंक देते हैं। हालांकि, आज की इस खबर में हम आपको चाय पत्ती के इस्तेमाल और इसके फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप चाय की बची चायपत्ती को भी उपयोग में ला सकते हैं और इसे फिर से इस्तेमाल में ला सकती हैं। आइए जानते हैं।

**खाद के रूप में करें यूज**

आप चाय पत्ती को खाद के रूप में भी यूज कर सकते हैं। बता दें कि चाय पत्ती में टेनिक एसिड की मौजदूगी होती है। साथ ही कुछ ऐसे न्यूट्रिएंट भी होते हैं, जो मिट्टी को उपजाऊ बनाने में काफी मददगार होते हैं। यह एक तरह से नेचुरल फर्टिलाइजर होता है। जैसे ही चायपत्ती मिट्टी में जाकर सड़ जाती है और उसमें मिल जाती है तो अपने न्यूट्रिएंट को मिट्टी में छोड़ते जाती है।

**इंफेक्शन से करता है बचाव**

पौधों में अक्सर फंगल इंफेक्शन फैलने का खतरा बना रहता है। ऐसे में अगर आप बची हुई चायपत्ती को बाल्टी में भरकर इसका छिड़काव अपने गार्डन एरिया में करते हैं तो पौधों में लगने वाले फंगल इंफेक्शन से छुटकारा मिल जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बदबू को करें दूर**

अगर आपके फ्रिज से बदबू आने की समस्या बनी रहती है आप इसे बची हुई चायपत्ती से दूर कर सकते हैं। इसके लिए आप बची हुआ चायपत्ती को एक कॉटन के कपड़े में लपेटकर रखें और कुछ दिन इसे पड़े रहने दें। इससे प्याज और लहसुन की बदबू मिनटों में चली जाती है।

**स्किन के लिए है बहुत फायदेमंद**

बची हुई चाय पत्ती स्किन के लिए भी काफी कारगर होती है। इससे एक खास स्क्रब भी बनाया जा सकता है। यही नहीं, इसे आप फेसवॉश की तरह भी यूज कर सकते हैं। साथ ही यह सनबर्न से भी काफी राहत देता है। बची हुई चाय पत्ती से आप फेस मास्क भी बना सकते हैं।

# भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के प्रणेता थे स्वामी दयानंद सरस्वती

## स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती (23 फरवरी) पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार उनकी जयंती प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की दशमी को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 23 फरवरी को है। ऐसे में हिंदू कैलेंडर के अनुसार स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 23 फरवरी को मनाई जा रही है। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर बार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और एक सन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच विभिन्न प्रकार के योगों का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'सन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराईयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वे आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे।



स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस के सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, सन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

स्वामी दयानंद हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिन्दी' बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि 'मनुष्यता' और 'आत्मविवेक' क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वे एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता हैं, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है। कर्म करने को लेकर स्वामी जी तर्क देते थे कि काम करने से पहले सोचना बुद्धिमानी, काम करते हुए सोचना सतर्कता और काम करने के बाद सोचना मूर्खता है। वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## रेसिपी कार्नर

# साबूदाना खिचड़ी




महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में भगवान शिव की आराधना का एक प्रमुख पर्व है, जो फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भक्तगण उपवास रखते हैं, शिवलिंग का अभिषेक करते हैं और रात्रि जागरण के माध्यम से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं उपवास रखती हैं। कई लोग तो महाशिवरात्रि के दिन कुछ भी नहीं खाते हैं। वहीं, कुछ लोग फलाहार कर के भी अपने उपवास को पूरा करते हैं। तो आज की इस खबर में हम आपको साबूदाना खिचड़ी की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। इस रेसिपी को फॉलो कर के आप मिनटों में इसे तैयार कर लेंगे। आइए जानते हैं।

### आवश्यक सामग्री

साबूदाना (साबूदाना) - 1 कप
मूंगफली - 1/2 कप (भुनी हुई और दरदरी पीसी हुई)
आलू - 1 (उबला और कटे हुए)
हरी मिर्च - 2 (बारीक कटी हुई)
घी या तेल - 2 बड़े चम्मच
जीरा - 1 छोटी चम्मच
नींबू का रस - 1 बड़ा चम्मच
नमक या सेंधा नमक - स्वादानुसार
धनिया पत्ती - गार्निशिंग के लिए

### बनाने की विधि

- साबूदाने को 2-3 बार पानी से अच्छे से धो लें, ताकि इसका स्टार्च निकल जाए।
- अब इसे 2-3 घंटे के लिए पानी में भिगो दें (पानी उतना ही डालें कि साबुदाना उसमें डूबे रहे)।



- जब साबुदाना नरम हो जाए और दाने अलग-अलग हो जाएं, तो इसका पानी छान लें।
- एक कढ़ाई में मूंगफली को सूखा भून लें और फिर दरदरा पीस लें।
- इससे खिचड़ी में बढ़िया स्वाद और कुरकुरापन आएगा।
- कढ़ाई में घी या तेल गरम करें और उसमें जीरा और हरी मिर्च डालें।
- अब इसमें उबले और कटे हुए आलू डालकर हल्का भून लें।
- अब इसमें भीगा हुआ साबुदाना डालें और अच्छी तरह मिलाएं।
- ऊपर से दरदरी पीसी मूंगफली, सेंधा नमक डालें और मीडियम आंच पर 5-7 मिनट तक पकाएं।

ध्यान रखें कि साबुदाना ज्यादा न पके, वरना चिपचिपा हो सकता है।

- जब साबुदाना पारदर्शी हो जाए, तो गैस बंद कर दें।
- ऊपर से नींबू का रस और ताजी धनिया पत्ती डालें और हल्का मिला लें।
- साबूदाना खिचड़ी को गरमा गरम परोसें।
- आप इसे दही, मीठी चटनी या चाय के साथ खा सकते हैं।
- इसे और स्वादिष्ट बनाने के लिए ऊपर से अनार के दाने डाल सकते हैं।

### खास टिप्स

- साबूदाना को ज्यादा पानी में न भिगोएं, वरना वह चिपचिपा हो जाएगा।
- अगर खिचड़ी सूखी लग रही हो, तो थोड़ा घी डालकर मिला सकते हैं।
- ज्यादा तीखा पसंद हो, तो काली मिर्च पाउडर भी डाल सकते हैं।

# महाकुंभ- दुनिया के 50% से अधिक सनातनियों ने लगाई डुबकी

## अब तक 60 करोड़ से अधिक लोग कर चुके स्नान

- नेपाल से 50 लाख से अधिक लोगों ने संगम में किया स्नान
- मौनी अमावस्या पर रहीं सबसे अधिक भीड़

**महाकुम्भ नगर :** 13 जनवरी से प्रयागराज में जारी भव्य और पावन महाकुंभ 2025 ने इतिहास रच दिया है। अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय प्रदर्शन है। यह आयोजन अब तक के सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों में सबसे अधिक भागीदारी वाला आयोजन बन चुका है। दुनिया भर में अनुमानित 120 करोड़ सनातनी हैं, जिसमें से आधे से अधिक लोग अब तक इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बन चुके हैं। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की भारी आमद को देखते हुए यह संख्या 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान तक 65 करोड़ को पार कर सकती है। योगी आदित्यनाथ सरकार की सुदृढ़ व्यवस्थाओं के कारण इस ऐतिहासिक आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा रहा है। भारत की यह प्राचीन परंपरा अपने दिव्य और भव्य स्वरूप में पूरी दुनिया को आकर्षित कर रही है, जिससे



महाकुंभ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता और अधिक मजबूत हुई है। महाकुंभ के इस भव्य आयोजन में 73 देशों के राजनयिकों ने भाग लिया है। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सहित कई अंतरराष्ट्रीय मेहमान इस पवित्र स्नान का हिस्सा बने। इसके अलावा, माँ जानकी के मायके नेपाल से 50 लाख से अधिक

## 73 देशों के राजनयिकों ने लगाई डुबकी

श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए। भारत एक धार्मिक विविधता वाला देश है, जिसमें सनातन धर्म के अनुयायियों की संख्या सबसे अधिक है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू और प्यू रिसर्च के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या लगभग 1.43 अरब (143 करोड़) है, जिसमें से 1.1 अरब (110 करोड़) लोग सनातन धर्म का पालन करते हैं। वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म के अनुयायियों की संख्या 1.2 अरब (120 करोड़) मानी जाती है। त्रिवेणी संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि अब तक वैश्विक सनातनी आबादी का 50% से अधिक हिस्सा महाकुंभ में सम्मिलित हो चुका है। भारत की कुल जनसंख्या की तुलना में 55% से अधिक भारतीयों ने इस पावन स्नान में भाग लिया है। प्यू रिसर्च 2024 के अनुसार, यह आंकड़ा सनातन धर्म के अनुयायियों की सबसे बड़ी वैश्विक भागीदारी को दर्शाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के इस संगम पर अब तक अप्रत्याशित संख्या में संतों, तपस्वियों और श्रद्धालुओं ने स्नान कर महाकुंभ को ऐतिहासिक बना दिया है। शनिवार, 22 फरवरी तक यह संख्या 60 करोड़ को पार कर गई है और महाकुंभ के समापन में अभी पांच दिन शेष हैं। महाशिवरात्रि स्नान के साथ यह संख्या 65 करोड़ के पार जाने की संभावना है। मुख्य स्नान पर्वों पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस महाकुंभ को और ऐतिहासिक बना दिया है। माघ अमावस्या स्नान पर सबसे अधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। मकर संक्रांति स्नान पर 3.5 करोड़, जबकि 30 जनवरी और 1 फरवरी को प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने पहुंचे। पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालु, बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ और माघी पूर्णिमा पर 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालु इस पावन अवसर पर स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ 2025 आध्यात्मिक आस्था, सांस्कृतिक एकता और ऐतिहासिक भागीदारी का प्रतीक बन चुका है, जिसमें भारत ही नहीं, पूरी दुनिया से श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के पलामू में माओवादी समूह का 'कमांडर' गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह टीएसपीसी के एक सदस्य को झारखंड के पलामू जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार माओवादी की पहचान अनिल भुइयां (35) के रूप में हुई है और वह पिछले सात वर्षों से कई मामलों में वांछित था। उसे शुक्रवार रात विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग इलाके से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने परिवार से मिलने पहुंचा। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव कुमार ने कहा, ''हमें विश्रामपुर इलाके में भुइयां की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम गठित की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।'' पुलिस अधिकारी ने बताया कि तृतीया सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएस-पीसी) का स्वयंभू एरिया कमांडर 2018 में मोहम्मदगंज में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल था, जहां उसने हमले का नेतृत्व किया था।

### राजकोटः शादी के लिए पहुंचे 50 युवक-युवतियों का सपना चकनाचूर, सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजक फरार

**राजकोट :** राजकोट में सामूहिक विवाह समारोह में सात फेरों के लिए पहुंचे 50 युवक और युवतियों को तब झटका लगा जब उन्होंने पाया कि वहां ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। कार्यक्रम के आयोजकों के फरार होने की जानकारी के बाद युवाओं का 'आक्रोश' भी फूट पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि शादी के आकांक्षी युवाओं की 'पीड़ा' को देखते हुए पुलिस ने पहल की और शनिवार को कम से कम छह जोड़ों की मौके पर ही शादी कराने की व्यवस्था कराई।

### जालना में सो रहे श्रमिकों के 'शेड' पर ट्रक से गिराई रेत, पांच मजदूरों की मौत

**जालना :** महाराष्ट्र के जालना में शनिवार को एक निर्माण स्थल पर बने श्रमिकों के अस्थायी 'शेड' पर ट्रक से गिराई गई रेत के कारण उसमें सो रहे पांच मजदूरों की दबकर मौत हो गई, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जाफराबाद तहसील के पासोडी-चंदोल में एक पुल परियोजना स्थल पर तड़के हुई। उन्होंने बताया कि मजदूर निर्माण स्थल पर बने एक अस्थायी शेड में सो रहे थे कि तभी चालक रेत से भरा 'टिपर' ट्रक लेकर वहां पहुंचा और उसने अनजाने में वहीं शेड पर ही पूरी रेत गिरा दी जिससे मजदूर उसके नीचे दब गए। सूत्रों के अनुसार, रेत के भार से शेड ढह गया, जिसके बाद ट्रक चालक घटनास्थल से भाग गया। अधिकारी ने बताया कि मलबे से एक लड़की और एक महिला को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। मृतकों की पहचान सिल्लोड तहसील के गोलेगांव निवासी गणेश धनवाई (60) और उनके बेटे भूषण धनवाई (16) तथा जाफराबाद तहसील के पद्मावती निवासी सुनील सपकाल (20) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि अन्य दो पीड़ितों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## आतिशी ने महिलाओं की मासिक सहायता के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता देने के वादे पर चर्चा के लिए 'आप' विधायकों की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक के लिए समय मांगा है। आतिशी ने शनिवार को गुप्ता को लिखे पत्र में सवाल उठाया कि महिलाओं को वित्तीय सहायता देने की योजना को नयी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में मंजूरी क्यों नहीं दी गई, जबकि प्रधानमंत्री ने एक चुनावी रैली में इसका वादा किया था। भाजपा ने इस महीने की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनाव में 'आप' को शिकस्त दी थी, जिसके बाद गुप्ता और उनकी मंत्रिपरिषद ने बृहस्पतिवार को पद की शपथ ली थी। 'आप' ने चुनाव में 22 सीट जीतीं। आतिशी की कालकाजी सीट भी उनमें से एक है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 48 सीट पर जीत हासिल की। पिछली 'आप' सरकार में मुख्यमंत्री रहीं आतिशी ने 23 फरवरी को अपने पार्टी विधायकों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 जनवरी को द्वारका में एक चुनावी रैली में दिल्ली की माताओं और बहनों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 2,500 रुपये मासिक भुगतान की योजना पारित की जाएगी।''

## दिल्ली की मुख्यमंत्री, मंत्रियों ने अधिकारियों के साथ बैठक की; बजट, महिला समृद्धि योजना पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्रियों ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें बजट तैयार करने और महिला समृद्धि योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव के दौरान महिला समृद्धि योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने का वादा किया था। एक सूत्र ने बताया, ''अधिकारियों को पात्रता मानदंड सहित दिशा-निर्देश तैयार करने और अन्य राज्य सरकारों द्वारा शुरू की गई इसी तरह की योजनाओं का तुलनात्मक अध्ययन करने का निर्देश दिया गया।'' बैठक में मुख्यमंत्री को दिल्ली सरकार के बजट की जानकारी दी गई। इस बात पर जोर दिया गया कि लोगों को अधिकतम लाभ



पहुंचाने के लिए धन का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए। बैठक में सड़कों, फ्लाईओवर की मरम्मत और सफाई तथा बरसात के मौसम में जलभराव को रोकने की योजना जैसे अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) ने सत्तारूढ़ भाजपा पर मंत्रिमंडल की पहली बैठक में महिला समृद्धि योजना को मंजूर न करने का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी गुप्ता को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर आप विधायकों के साथ उनसे मिलने का समय मांगा है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने विभिन्न परियोजनाओं का मुआयना किया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक मिंटो रोड अंडरपास और पुल प्रह्लादपुर जैसे जलभराव वाले करीब दो दर्जन स्थानों को चिह्नित किया गया है। अन्य मंत्रियों ने भी शहर में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए क्षेत्र का दौरा किया। शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने अपने विभागों का कार्यभार संभाला और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह पदभार संभालने के बाद उनकी प्रधानमंत्री के साथ पहली औपचारिक मुलाकात थी। शालीमार बाग सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक गुप्ता ने बृहस्पतिवार को मोदी की मौजूदगी में रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में दिल्ली के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीर के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार जन कल्याण और सुशासन के मार्ग पर चलते हुए दिल्लीवासियों के विकसित दिल्ली के सपने को साकार करने के लिए समर्पित है। पांच फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा ने 70 विधानसभा सीट में से 48 सीट जीतकर 26 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की।

### प्रधानमंत्री मोदी का 'छावा' की प्रशंसा करना अत्यंत सम्मान की बातः विक्की कौशल

**नयी दिल्ली :** अभिनेता विक्की कौशल ने कहा है कि इतिहास पर आधारित उनकी 'एक्शन ड्रामा' फिल्म 'छावा' की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई प्रशंसा से वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मोदी ने शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन (एबीएमएसएस) के उद्घाटन समारोह में कहा था कि मुंबई समेत महाराष्ट्र ने मराठी फिल्मों और हिंदी सिनेमा को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मोदी ने इस दौरान फिल्म के बारे में कहा, ''और इन दिनों तो 'छावा' की धूम मची हुई है।'' फिल्म ने पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से विश्व स्तर पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। 'छावा' में कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र थे। कौशल ने मोदी के वीडियो के साथ सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, ''इस सम्मान को शब्दों में बयान नहीं कर सकता। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभारी हूं।'' फिल्म में येसुबाई का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने भी 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, ''बहुत-बहुत धन्यवाद नरेन्द्र मोदी जी, यह वास्तव में बड़ा सम्मान है।''

### पिता का अंतिम संस्कार छोड़ 10वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुई छात्रा

**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर में पिता का अंतिम संस्कार बीच में छोड़कर दिशा नागनाथ उबाले अपना 10वीं कक्षा का मराठी का पर्चा देने पहुंचीं। कक्षा 10 की छात्रा के पिता का बृहस्पतिवार शाम को निधन हो गया। वह बीमारी से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके भादा गांव में किया गया। भादा में जिला परिषद बालिका विद्यालय की छात्रा दिशा ने बताया कि उसे यकीन नहीं था कि वह शुक्रवार को सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट (एसएससी) की परीक्षा दे पाएगी । तभी उसके शिक्षक शिवलिंग नागापुरे ने उसे परीक्षा में शामिल होने के लिये कहा। नागपुरे ने बताया कि उन्होंने लातूर डिवीजनल बोर्ड के चेयरमैन सुधाकर तेलंग से संपर्क किया, जिन्होंने दिशा से बात की और उसे हार न मानने के लिए प्रोत्साहित किया। हौसला दिखाते हुए 16 वर्षीय लड़की ने अपने आंसू पोंछे, अपने पिता को अंतिम विदाई दी और शुक्रवार को मराठी का पेपर देने के लिए औसा के अजीम हाई स्कूल में परीक्षा केंद्र की ओर चल पड़ी। दिशा के परिवार में उनकी दादी, मां और छोटा भाई शामिल हैं। भादा गांव के निवासी प्रेमनाथ लाटूरे ने बताया कि जब वह (दिशा) औसा में अपना पेपर लिख रही थीं, उसी दौरान उनके पिता का अंतिम संस्कार हो रहा था।

### कांग्रेस जनता के भाजपा से ऊब जाने का इंतजार नहीं कर सकती : सचिन पायलट

**मुंबई :** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी इस बात का इंतजार नहीं कर सकती कि लोग भाजपा से ऊब जाएं, बल्कि उसे लोगों तक पहुंचना होगा और वह इस पर काम कर रही है। यहां एक मीडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पायलट ने इन आरोपों को खारिज किया कि कांग्रेस अपने गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं करती है। साथ ही उन्होंने हरियाणा चुनाव के नतीजों के लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। पायलट ने यहां एबीपी नेटवर्क के 'आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 2025' में कहा, ''हम पिछले 11 वर्षों से विपक्ष में हैं। मुझे लगता है कि हमें अपना वोट शेयर बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। इसके लिए पार्टी को जनता तक पहुंचने की जरूरत है और हम इस बात का इंतजार नहीं कर सकते कि लोग (भाजपा से) ऊब जाएं और हमारे पास आ जाएं। हमें, नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को जनता के पास जाने की जरूरत है। हम इस पर काम कर रहे हैं।''

## सरकार आध्यात्मिक पर्यटन समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी: आदित्यनाथ

**लखीमपुर खीरी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि 'डबल इंजन' सरकार यहां आध्यात्मिक और ईको पर्यटन समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी। योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ में राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 1622 करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करते हुए यह बात कही। साथ ही मुख्यमंत्री ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर गलियारे का शिलान्यास भी किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यहां की उर्वर धरती



सोना उगलती है। उन्होंने कहा, ''जब देश आजाद हुआ था तो लखीमपुर खीरी विकास में बहुत पीछे था। मलेरिया यहां भय का प्रतीक होता था। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान था, लेकिन वहां पहुंचने के साधन नहीं थे। अब पलिया में हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का पैसा भी दिया गया है।'' उन्होंने कहा कि सरकार यहां की बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रही है। योगी ने कहा, ''डबल इंजन सरकार यहां आध्यात्मिक और ईको पर्यटन समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है। उन्होंने कहा कि आज इस जनपद में लगभग 4500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है। इसमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर का गलियारा और बलरामपुर चीनी मिल लिमिडेट द्वारा लगाया गया देश का पहला पीएलए प्लांट (बायो प्लास्टिक निर्माण) भी शामिल है।

## नेपाली छात्र ओडिशा के बच्चे हैं, वे राज्य में पूरे सम्मान के साथ पढ़ेंगे : मुख्यमंत्री माझी

**भुवनेश्वर :** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को कहा कि ओडिशा में पढ़ रहे नेपाली छात्र राज्य के बच्चे ही हैं और वे पूरे सम्मान एवं गरिमा के साथ अपनी शिक्षा जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि माझी ने नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने देउबा को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार 20 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा की कथित आत्महत्या और उसके बाद कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) में नेपाली विद्यार्थियों पर हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''राज्य सरकार (केआईआईटी में) घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रही है और छात्रों के विश्वास को बहाल करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। नेपाल की विदेश मंत्री ने माझी को धन्यवाद दिया और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया।'' माझी ने नेपाल दूतावास के अधिकारियों संजीव दास शर्मा और नवीन राज अधिकारी से लोक सेवा भवन स्थित अपने कक्ष में मुलाकात की और उन्हें बताया कि नेपाली छात्रों पर हमले की घटना के सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। माझी ने दूतावास के अधिकारियों से कहा, घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को यहां संगम में डुबकी लगाई। नड्डा के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने भी संगम में स्नान किया। मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ स्नान करने के बाद भाजपा अध्यक्ष ने अपने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। साथ ही उन्होंने मां गंगा को साड़ी, नारियल, पुष्प आदि भी अर्पित किया। नड्डा के साथ डुबकी लगाने वालों में उनके परिवार के दो बच्चे भी शामिल थे। आधिकारिक बयान के मुताबिक, भाजपा अध्यक्ष शनिवार को दोपहर में प्रयागराज हवाई अड्डा पहुंचे जहां उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता और फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने उनका स्वागत किया।

## राजस्थान : मदन राठौड़ निर्विरोध भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष घोषित

**जयपुर :** राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को शनिवार को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई का अध्यक्ष घोषित किया गया। राठौड़ पहले से ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। पार्टी के चुनाव अधिकारी विजय रूपाणी ने यहां पार्टी कार्यालय में राठौड़ के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। रूपाणी ने कहा, ''कल पांच अलग-अलग प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मिले। हमारे मुख्यमंत्री से लेकर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जो प्रस्ताव रखे उनमें एक ही नाम था। उन नामांकन पत्रों की जांच और केंद्र में हमारे वरिष्ठ



नेताओं से बातचीत के बाद अब फैसला हो गया है और मैं घोषणा करता हूं कि मदन राठौड़ हमारे प्रदेश अध्यक्ष बनेंगे।'' रूपाणी ने राठौड़ को निर्वाचन प्रमाणपत्र भी सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान से पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के 25 सदस्यों के नाम भी घोषित किए। ये सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, डॉ सतीश पूनिया व सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, ओंकार सिंह लखावत, नारायण पंचारिया, सीआर चौधरी, अलका गुर्जर, अनीता भदेल, अजय पाल सिंह, निर्मल कुमावत, प्रसन्नजीत मेहता, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, अनीता गुर्जर, प्रभु लाल सैनी, रमेश यादव, जसवंत सिंह गुर्जर, रामकिशोर मीणा, प्रताप लाल और ओमप्रकाश शामिल हैं।

## कई लोगों के लिए वरदान साबित हुआ महाकुंभ

### कोई मूंगफली बेचकर तो कोई जूस की दुकान लगाकर महाकुंभ में की बंपर कमाई

चंदन राय

**महाकुम्भ नगर :** प्रयागराज महाकुंभ में पुन्य स्नान के लिए एक तरफ जहां लगातार देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री लगातार पहुंच रहे हैं, दूसरी तरफ यह महाकुंभ कई गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हुआ है। इन परिवारों को महाकुंभ मेले के दौरान छोटा-मोटा रोजगार या सामानों की बिक्री से आर्थिक सेहत सुधारने में काफी मदद मिली है। कोई मूंगफली बेचकर तो कोई जूस की दुकान लगा आदि करके महाकुंभ में बंपर कमाई की है। इन्हीं में से एक लड़के ने बताया कि उसके पिता की तबीयत खराब हो गई थी और घर में कोई काम करने वाला नहीं था। उन्होंने महाकुंभ मेले में मुंगफली का ठेला लगाया और मेले के दौरान उसे बंपर कमाई हुई है। आज इससे उसके घर की आर्थिक सेहत ठीक हुई है। इसी



तरह एक पिता जो अपनी आर्थिक स्थिति काफी खराब होने के चलते अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर बेहद चिंतित थे, उन्होंने बताया कि महाकुंभ मेले में उन्होंने जूस की दुकान खोला। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान इस दुकान से हुई बंपर कमाई से अब उनका कहना है कि अब बच्चों की पढ़ाई के लिए उन्हें चिंता नहीं है।इसी प्रकार एक अन्य युवक अब कुंभ मेले में हुई अच्छी कमाई से अपने बहन की शादी बड़े धूमधाम से करने की तैयारी में है। नाम नहीं बताने की शर्त पर फल विक्रेता युवक ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से उन्हें बहन की शादी की तारीख को आगे बढ़ना पड़ा। युवक ने बताया कि कुंभ मेला में हुई अच्छी कमाई के बाद उसने अपनी बहन की शादी बड़े धूमधाम से करने का फैसला किया है।



### केंद्र के प्रयासों से सहकारी क्षेत्र को गति मिली: शाह

**पुणे :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र के प्रयासों से पिछले तीन वर्षों में सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। पुणे में जनता सहकारी बैंक के हीरक जयंती समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र की (नरेन्द्र) मोदी सरकार ने भारत के सहकारी क्षेत्र को बाजार योग्य बना दिया है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री ने पुणे में पश्चिम क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से प्रौद्योगिकी अपनाने की अपील की। शाह ने कहा, ''पिछले तीन वर्षों में केंद्र ने देश में सहकारी आंदोलन को गति देने का काम किया है। हमने भारत के सहकारी क्षेत्र के मॉडल को बाजार में लाने लायक बनाया है। हम सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक लाकर सहकारी शिक्षा को सशक्त बना रहे हैं।''

## नीतीश के पुत्र निशांत राजनीति में आते हैं तो जद(यू) बच सकती है : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि अगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत राजनीति में आते हैं तो उन्हें खुशी होगी क्योंकि यह जद(यू) को भाजपा और अन्य गठबंधन सहयोगियों से ''बचा'' लेगा। हालांकि, यहां संवाददाताओं से बात करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निशांत की उस अपील की खिल्ली उड़ाई, जिसमें उन्होंने राज्य के लोगों से कहा था कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में उनके पिता को वोट दें क्योंकि जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख पूरी तरह से स्वस्थ हैं। निशांत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने का आग्रह किये जाने पर तेजस्वी ने कहा, ''मेरे पिता उनके पिता से ज्यादा 'फिट' हैं।'' उन्होंने कहा, ''दलितों के लिए लालू जी के बराबर काम किसी ने नहीं किया। उनके शासनकाल में ही बिहार में मंडल आयोग की सिफारिश लागू की गई थी।'' बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा, ''निशांत मेरे भाई की तरह हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मैं चाहूंगा कि वह शादी कर लें। अगर वह राजनीति में आने का फैसला करते हैं, तो उन्हें ऐसा करने का अधिकार है।'' उन्होंने कहा, ''अगर वह राजनीति में आते हैं तो मुझे खुशी होगी। शायद यह दिवंगत शरद यादव द्वारा गठित पार्टी (जद-यू) में नयी जान फूंकेगा। उनके पिता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाईजैक कर लिया है, जिन्होंने नीतीश कुमार के डीएनए में गड़बड़ी बताई थी। उनके अन्य सहयोगी केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी हैं, दोनों ही मुख्यमंत्री के खिलाफ हैं।

# डकेट के शतक पर भारी पड़ी इंगलिस की पारी

## आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया



**लाहौर :** जोश इंगलिस का पहला वनडे शतक बेन डकेट की 165 रन की यादगार पारी पर भारी पड़ा और विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए चैम्पियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अपने पहले मैच में शनिवार को इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। डकेट ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 143 गेंदों का सामना करके 17 चौके और तीन छक्के जड़े जिसकी मदद से इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 351 रन बनाये जो चैम्पियंस ट्रॉफी का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने 2004 में अमेरिका के खिलाफ चार विकेट पर 347 रन बनाये थे। गद्दाफी स्टेडियम की सपाट पिच और तेज आउटफील्ड पर रन आसानी से रन रहे थे। आस्ट्रेलिया ने जीत का लक्ष्य 47 . 3 ओवर में हासिल कर लिया। इंगलिस ने 86 गेंद में छह छक्कों और आठ चौकों की मदद से 120 रन बनाये। उन्होंने एलेक्स कारी के साथ पांचवें विकेट के लिये 146 रन की साझेदारी की जो निर्णायक साबित हुई। कारी ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 63 गेंद में 69 रन बनाये जिसमें आठ चौके शामिल थे। वह 42वें ओवर में आउट हुए जब आस्ट्रेलिया को 50 गेंद में 70 रन चाहिये थे लेकिन ग्लेन मैक्सवेल (15 गेंद में 32 रन) ने इंगलिस का बखूबी साथ निभाया। इंगलिस ने मार्क वुड को डीप मिडविकेट पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले उन्होंने 28वें वनडे में पहला शतक जोफ्रा आर्चर के ओवर में पूरा किया। आर्चर ने चौथे ओवर में ट्रेविस हेड (छह) को पवेलियन भेजा जबकि कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ (पांच) ने आर्चर की गेंद पर स्लिप में डकेट को कैच थमाया। आस्ट्रेलिया के दो विकेट 27 रन पर गिर गए थे। मार्नस लाबुशेन (45 गेंद में 47 रन) और मैथ्यू शॉर्ट (66 गेंद में 63 रन) ने 91 गेंद में 95 रन की साझेदारी करके टीम को मैच में लौटाया। लेकिन तभी इंग्लैंड ने 18 गेंद के भीतर दोनों को पवेलियन भेजकर आस्ट्रेलिया को फिर झटके दिये। आस्ट्रेलिया के चार विकेट 136 रन पर गिर गए थे लेकिन इंगलिस और कारी ने कुछ और ही सोच रखा था। दोनों ने इंग्लैंड की जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया। आर्चर ने कारी को उस समय जीवनदान दिया जब वह 49 रन पर थे। अगले ओवर में इंगलिस ने आर्चर को लगातार दो चौके जड़े। इससे पहले डकेट की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 165 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 351 रन बनाये। पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान अंतिम एकादश में जगह नहीं पा रहे डकेट ने इस बार मिले मौके का पूरा फायदा उठाया।

# भारत की निगाह सेमीफाइनल पर, पाकिस्तान के लिए करो या मरो वाला मुकाबला

**दुबई :** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के महा मुकाबले में भारत और पाकिस्तान जब रविवार को यहां आमने सामने होंगे तो रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की निगाह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने पर टिकी होगी जबकि मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व वाली टीम टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने से बचने की कोशिश करेगी। भारत ने जहां अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को न्यूजीलैंड से 60 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उपमहाद्वीप की इन दोनों टीम के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी मुकाबला 2017 में फाइनल में हुआ था जिसमें पाकिस्तान की टीम ने जीत हासिल की थी। रिजवान और उनके साथी लंदन में मिली उस जीत से प्रेरणा लेने का प्रयास करेंगे लेकिन उसके खिलाड़ियों को खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला पूर्व की तरह बहुचर्चित नहीं है जिससे उम्मीद की जा रही है कि दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के इस मैच में दोनों टीम थोड़ा सहज होकर मैदान पर उतरेंगी।

### ओस नहीं होने से बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर अधिक दबाव होगा : गिल

रन्होंने कहा ,'' यह महत्वपूर्ण मैच है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मैच फाइनल होगा।'' यूएई में टी20 विश्व कप के दौरान ओस की भूमिका अहम रही और गिल का कहना है कि वनडे प्रारूप में यह और भी अहम होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यहां ओस नहीं होने से दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा ,'' पिछले मैच में यहां ओस नहीं थी। ऐसे में फ्लड लाइट्स में बल्लेबाजी करना और स्ट्राइक रोटेट करना आसान नहीं होता। बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक होगी।टॉस से उतना फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि ओस नहीं है। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर दबाव रहेगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि 300 से अधिक का स्कोर अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा ,'' हम आक्रामक और सकारात्मक क्रिकेट खेलेंगे लेकिन यह पिच पर भी निर्भर होगा। इस विकेट पर 300 या 280 का स्कोर अच्छा रहेगा।''

## भारतीय पुरूष टीम ने एफआईएच प्रो लीग में आयरलैंड को 4 . 0 से हराया



**भुवनेश्वर :** भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर अपना दबदबा कायम रखते हुए एफआईएच प्रो लीग में शनिवार को रिटर्न चरण के मैच में 4 . 0 से जीत दर्ज की। भारत की प्रो लीग में आयरलैंड पर यह लगातार दूसरी जीत है। पहले चरण में शुक्रवार को भारत ने 3 . 1 से जीत दर्ज की थी। भारत के लिये नीलम संजीप सेस (14वां मिनट), मनदीप सिंह (24वां), अभिषेक (28वां) और शमशेर सिंह (34वां) ने गोल किये। आयरलैंड ने अच्छी शुरूआत करते हुए नौवे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। नीलम ने 14वें मिनट में अमित रोहिदास के पास पर फील्ड गोल किया। उन्होंने दाहिने कॉर्नर से हवा में आती हुई गेंद लपकी और दो डिफेंडरों को छकाते हुए शॉट लगाया जो पोस्ट से टकरा गया लेकिन उन्होंने सही पोजिशन से रिबाउंड पर उसे गोल के भीतर डाला। भारत को 17वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों बार आयरलैंड के गोलकीपर जैमी कार ने नीलम को कामयाबी नहीं मिलने दी। भारतीय टीम कप्तान और ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना खेल रही थी जिन्हें आराम दिया गया था। भारत को 24वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर मनदीप ने अमित रोहिदास की फ्लिक पर वैरिएशन पर गोल किया।

## महिला एफआईएच प्रो लीग : दीपिका के गोल से भारत ने जर्मनी को हराया



**भुवनेश्वर :** स्टार ड्रैग फ्लिकर दीपिका के गोल की मदद से भारत ने एफआईएच महिला प्रो लीग हॉकी मैच में शनिवार को जर्मनी को रिटर्न चरण में 1 . 0 से हराया। दीपिका ने 12वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। जर्मनी ने शुक्रवार को भारत को 4 . 0 से हराया था। भारत को अब 24 फरवरी को नीदरलैंड से खेलना है। पिछले मैच में शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शानदार शुरूआत की। कप्तान सलीमा टेटे ने बायें फ्लैंक से सुनेलिटा टोप्पो के पास पर अच्छा प्रयास किया लेकिन गोल में नहीं बदल सकी। आक्रामक खेल का फायदा भारत को जल्दी ही मिला और 12वें मिनट में नेहा ने पहला पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे दीपिका ने गोल में बदला। यह दीपिका का 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल था। भारतीयों ने तेज रफ्तार हॉकी से जर्मन टीम पर दबाव बनाये रखा। पहले दो क्वार्टर में दीपिका ने शानदार खेल दिखाते हुए कोच हरेंद्र सिंह के भरोसे को सही साबित कर दिखाया। भारत को 31वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन दीपिका का शॉट दाहिने पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद जर्मन टीम ने जवाबी हमले में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये लेकिन गोल नहीं हो सका। चौथे क्वार्टर में जर्मनी को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय गोलकीपर बिछू देवी खारीबम ने शानदार बचाव किया। जर्मनी को आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले बराबरी का फिर मौका मिला लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर लीना मिचील का शॉट बाहर से निकल गया।

### चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये कोई मुफ्त पास नहीं देगा पीसीबी

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहली बार मौजूदा चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान दीर्घाओं, वीआईपी क्षेत्र या हास्पिटेलिटी बॉक्स के लिये कोई मुफ्त पास नहीं देने का फैसला किया है। आम तौर पर पाकिस्तान में जब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होता है तो पीसीबी मीडिया, सरकारी महकमों , वीआईपी या प्रायोजकों के लिये मुफ्त पास के तौर पर टिकट रखता है। इस बार पीसीबी अध्यक्ष के निजी मेहमानों और प्रायोजकों के लिये कुछ टिकट को छोड़कर कोई कोटा या मुफ्त पास नहीं रखे गए हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी के टिकटों की प्रक्रिया से जुड़े आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा ,'पीसीबी अधिकारियों पर भारी दबाव है क्योंकि मुफ्त पास पाने के आदी लोग उनसे बार बार मांग रहे हैं लेकिन उन्हें कहा जा रहा है कि चूंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के पास टूर्नामेंट के टिकटों का जिम्मा है तो कोई मुफ्त पास नहीं दिया जायेगा।'

## दक्षिण अमेरिका में विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय दल की अगुवाई करेगी मनु भाकर



**नयी दिल्ली :** दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी जिसमें पेरिस ओलंपिक खेलने वाले लगभग सभी निशानेबाज शामिल हैं। टीम में एयर पिस्टल दिग्गज सौरभ चौधरी की वापसी हुई है जो तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में नजर आयेंगे। कंधे की चोट और खराब फॉर्म के कारण तोक्यो ओलंपिक 2021 के बाद से टीम से बाहर सौरभ ने हाल ही में दस मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र दक्षिण अमेरिका में दो चरण के विश्व कप के साथ शुरू होगा। पहला टूर्नामेंट अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जायेगा। हाल ही में ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार पाने वाली मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम (सरबजोत सिंह के साथ) स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था। वह विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल में भाग लेंगी। उनके साथ पेरिस ओलंपियन अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू (पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल), ऐशा सिंह (महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल)), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस), सिफत कौर सामरा और श्रेयांका साडंगी (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस), अर्जुन बबूता (पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल), पृथ्वीराज टोंडाइमान (ट्रैप), अनंत जीत सिंह नरूका (स्कीट) और रेइजा ढिल्लों (महिला स्कीट) भी टीम में हैं।

### आस्ट्रेलिया . इंग्लैंड मैच से पहले भारत का राष्ट्रगीत बजने पर पीसीबी ने आईसीसी से सफाई मांगी

**लाहौर :** आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शनिवार को यहां चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच से पहले एक सेकंड के लिये भारत का राष्ट्रगीत बजने से तमतमाये पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को दोषी ठहराते हुए सफाई मांगी है। मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमें जब राष्ट्रगीत के लिये कतारबद्ध थी तब दर्शक हैरान रह गए कि एक सेकंड के लिये भारत का राष्ट्रगीत बज गया जिसे तुरंत रोका गया। आईसीसी के एक करीबी सूत्र ने इसकी पुष्टि की कि पीसीबी ने इस घटना को रेखांकित करते हुए उसे पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। सूत्र ने कहा ,'पीसीबी ने साफ तौर पर कहा कि इस गड़बड़ के लिये आईसीसी जिम्मेदार है और उसे सफाई देनी होगी।' उन्होंने कहा ,'चूंकि भारतीय टीम पाकिस्तान में नहीं खेल रही है तो यह समझ से परे है कि उसका राष्ट्रगीत प्ले लिस्ट से गलती से कैसे बज गया।' भारतीय टीम के सारे मैच दुबई में हो रहे हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कोचिंग सेंटरों से छात्रों को 1.56 करोड़ रुपये वापस कराए

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामलों के विभाग के हस्तक्षेप के बाद 600 से अधिक छात्रों को कोचिंग संस्थानों से 1.56 करोड़ रुपये वापस मिले हैं। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि विभाग ने ''शिक्षा क्षेत्र में 600 से अधिक छात्रों के लिए 1.56 करोड़ रुपये की वापसी कराई है।'' इसमें कहा गया कि सिविल सेवा, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों के लिए कोचिंग सेंटरों में नाम लिखवाने वाले इस छात्रों को पहले कोचिंग संस्थानों ने धन वापसी करने से इनकार कर दिया था। छात्रों के राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एन-सीएच) के जरिये शिकायत दर्ज कराने के बाद यह राहत मिली। इस हेल्पलाइन ने विवाद समाधान के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया की सुविधा दी। बयान में कहा गया कि विभाग की कार्रवाई से यह सुनिश्चित हुआ कि छात्रों को अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं का वित्तीय बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

### रेलटेल को 71 स्टेशनों पर कवच लगाने के लिए 288 करोड़ रुपये का ठेका मिला

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय के उपक्रम रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को 71 स्टेशनों के लिए कवच लगाने का ठेका मिला है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह ठेका पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर और सोनपुर मंडल के तहत 502 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए मिला है। रेलटेल ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अत्याधुनिक तकनीक के जरिये रेलवे सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए रेलटेल की प्रतिबद्धता को साबित करती है। लगभग 288 करोड़ रुपये मूल्य का कवच ठेका रेलटेल की सबसे बड़ी सिग्नलिंग परियोजनाओं में से एक है।' इस प्रणाली को लागू करने से सुरक्षा बढ़ेगी और पूर्व मध्य रेलवे की समग्र परिचालन दक्षता में सुधार होगा। रेलटेल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने कहा, ''हम पूर्व मध्य रेलवे में कवच परियोजना के कार्यान्वयन के लिए चुने जाने से उत्साहित हैं।'

# बाजार में तेल की अधिकता से वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में कमी संभव: पुरी



**विजयवाड़ा :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में तेल की अधिक आवक के कारण ईंधन की कीमतों में कमी आने की संभावना है, जिससे मुद्रास्फीति पर काबू पाने में मदद मिलेगी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के मोर्चे पर भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। उनके अनुसार, भारत अर्जेंटीना सहित 40 देशों से तेल आयात करता है और चूंकि दुनिया में पर्याप्त तेल है, इसलिए तेल उत्पादक देश जो कटौती कर रहे हैं, उन्हें भी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि तेल खरीद में डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करने का कभी भी उद्देश्य नहीं था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'अधिकांश लेनदेन डॉलर में होते हैं और हमेशा से होते आए हैं।' पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, अमेरिका में, उन्होंने (ट्रंप ने) कहा, ड्रिल, बेबी, ड्रिल। जो अधिक ड्रिलिंग करने और अधिक तेल निकालने का संकेत है। उन्होंने आधिकारिक रूप से कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को कम करना चाहते हैं। पुरी ने कहा, इसलिए, मुझे लगता है कि वैश्विक ऊर्जा की स्थिति में सुधार होगा। बाजार में अधिक ऊर्जा आएगी और उम्मीद है कि इससे कीमतों में कमी लाने में मदद मिलेगी। जब ऊर्जा कम कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती है, तो इससे मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का प्राथमिक उद्देश्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए 'कम कीमतों पर' पर्याप्त तेल खरीदना है।

## किसानों को मजबूरी में उपज बेचने से रोकने के लिए योजना की तैयारी: शिवराज



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के उपाय कर रही है कि किसानों को अपनी उपज, विशेष रूप से फलों और सब्जियों को औने-पौने दामों पर न बेचना पड़े। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में 22-24 फरवरी तक आयोजित होने वाले 'पूसा कृषि विज्ञान मेला' 2025 का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। चौहान ने प्रयोगशालाओं से बीजों की नई किस्मों और प्रौद्योगिकियों को किसानों तक जल्द से जल्द ले जाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार समस्याओं को समझने के लिए किसानों के साथ ही उनके संगठनों के जरिये सीधे चर्चा कर रही है और फिर समाधान के लिए योजनाएं बना रही है। मंत्री ने कहा,'जहां-जहां समस्याएं दिख रही हैं, हम योजनाएं बना रहे हैं।' उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। चौहान ने कहा कि सरकार ने चावल और प्याज पर निर्यात प्रतिबंध हटा दिए हैं, जबकि खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने टमाटर की कीमतों में गिरावट को देखते हुए किसानों की मदद के लिए कदम उठाए हैं और आंध्र प्रदेश के लाल मिर्च किसानों के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।

## विजय माल्या ने ब्रिटेन में दिवाला आदेश को रद्द करने की मांग की



**लंदन :** संकटग्रस्त व्यवसायी विजय माल्या का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में हाल के बयान के मद्देनजर भारतीय बैंकों द्वारा ब्रिटेन की अदालतों में उनके खिलाफ जारी दिवाला कार्यवाही में वैधता नहीं बची है। उन्होंने अपने वकीलों को रद्दीकरण आवेदन को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। इस सप्ताह लंदन के उच्च न्यायालय में माल्या के दिवाला आदेश से संबंधित तीन परस्पर जुड़ी अपीलों की सुनवाई पूरी हो गई। यह बात तब सामने आई जब न्यायमूर्ति एंथनी मान ने फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसे बाद में सुनाया जाएगा। न्यायाधीश ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में बैंकों के एक संघ से जुड़ी जटिल दलीलों की एक शृंखला की सुनवाई की, जिसमें 69 वर्षीय व्यवसायी की अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस द्वारा बकाया लगभग 1.05 अरब पाउंड के अनुमानित कर्ज की अदायगी की मांग की गई थी। ज़ायवाला एंड कंपनी के प्रबंध साझेदार और माल्या द्वारा हाल ही में नियुक्त वकील लेह क्रेस्टोहल ने पीटीआई-भाषा को बताया, डॉ. माल्या के दृष्टिकोण से, ब्रिटेन की इन दिवाला कार्यवाही में वैधता नहीं बची है है। उन्होंने कहा, अब ऐसे साक्ष्य सामने आए हैं जो बताते हैं कि बैंकों का न केवल कर्ज चुकाया गया है, बल्कि बैंकों ने डॉ. माल्या से बकाया राशि से अधिक राशि वसूल की है। इसकी पुष्टि भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 17 दिसंबर 2024 को भारतीय संसद में दिए गए एक बयान में की, जिसमें उन्होंने कहा कि 14,131.6 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई है और बैंकों को वापस कर दी गई है।

## असम को साढ़े तीन साल में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में राज्य में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई परियोजनाएं इस समय कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। वह यहां रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आर-सीपीएल) के कैंपा कोला उत्पादों के नए बॉटलिंग संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। आरसीपीएल के स्थानीय भागीदार जेरिको के सहयोग से विकसित किया जा रहा यह संयंत्र छह लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला है। यह पूर्वोत्तर में सबसे बड़ी पेय पदार्थ निर्माण इकाइयों में से एक है। शर्मा ने कहा कि इस संयंत्र से से 300 प्रत्यक्ष और 1,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी तैयार होंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे युवा जो राज्य में औद्योगीकरण की कमी के कारण बाहर काम कर रहे थे, वे अब ऐसे संयंत्रों के आने से वापस आ सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं और इनमें से कई इस समय क्रियान्वित के विभिन्न स्तर पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी 'एडवांटेज असम 2.0' शिखर सम्मेलन राज्य में निजी निवेश को बढ़ावा देगा।

### भारत, चीन पर जल्द जवाबी शुल्क लगाया जाएगा: ट्रंप

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार भारत और चीन जैसे देशों पर जल्द जवाबी शुल्क लगाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान कही बात को फिर दोहराया। ट्रंप शुक्रवार को वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। ट्रंप ने वाशिंगटन में कहा, 'हम जल्द ही जवाबी शुल्क लगाएंगे। इसका मतलब है कि वे हमसे शुल्क लेते हैं, हम उनसे शुल्क लेते हैं। यह बहुत सरल है। कोई भी कंपनी या देश, जैसे भारत या चीन या अन्य कोई... वे जो भी शुल्क लेते हैं, उतना ही। हम निष्पक्ष होना चाहते हैं ... इसलिए जवाबी शुल्क। जवाबी का मतलब है, 'वे हमसे शुल्क लेते हैं, हम उनसे शुल्क लेते हैं'। इससे पहले ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट कर दिया है कि भारत को वाशिंगटन के जवाबी शुल्कों से छूट नहीं दी जाएगी।






वर्ष 9, पूर्णांक 4158 अंक 308, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in